सत्यमेव जयते

RCScE

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद
स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार



राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद

RSCERT UDAIPUR

उद्बुध्यध्वं समनसः सखायः

# प्रश्न बैंक

# एवं मॉडल प्रश्न पत्र

## कक्षा-12

## विषय-हिंदी (अनिवार्य)

# 2022-23

# आमुख

बोर्ड परीक्षा परिणाम गुणात्मक एवं संख्यात्मक रूप से श्रेष्ठ रहे एवं बच्चों को प्रश्नों को हल करके सीखने के पर्याप्त अवसर मिले, इसी को ध्यान में रखकर राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर द्वारा प्रश्न बैंक एवं मॉडल प्रश्न-पत्र का निर्माण किया गया है। इस प्रश्न बैंक का निर्माण श्रेष्ठ एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया है। इसके निर्माण में प्रत्येक अध्याय की सम्पूर्ण विषय-वस्तु में से महत्वपूर्ण प्रश्नों का चयन किया गया है।

इसमें कोरोना काल की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए बोर्ड द्वारा निर्धारित मानदण्डानुसार बहुविकल्पी, रिक्त-स्थान, अतिलघूत्तरात्मक, लघूत्तरात्मक एवं निबंधात्मक प्रश्नों का समावेश किया गया है।

प्रश्न बैंक के साथ तीन मोडल प्रश्न-पत्र भी शामिल किए गए है, जो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा 'बोर्ड परीक्षा-2022' के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार है। विषयाध्यापकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपने कक्षा शिक्षण क दौरान उक्त सामग्री को छात्र-छात्राओं के अभ्यास हेतु काम में लेंगे।

मुझे आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि यह प्रश्न बैंक श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम अर्जित करने में मददगार साबित होगा।

शुभकामनाओं के साथ।

निदेशक
श्रीमती कविता पाठक (RAS)
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

## मुख्य संरक्षक

**माननीय श्री बी.डी. कल्ला**
शिक्षा मंत्री,
प्रारम्भिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग
राजस्थान सरकार, जयपुर

**माननीया श्रीमती जाहिदा खान**
राज्य मंत्री,
प्रारम्भिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग,
राजस्थान सरकार, जयपुर

## संरक्षक

**श्रीमती अपर्णा अरोड़ा ( I.A.S. )**
अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा,
राजस्थान सरकार, जयपुर

**डॉ. मोहन लाल यादव ( I.A.S. )**
राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त,
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर

**श्री गौरव अग्रवाल ( I.A.S. )**
निदेशक, माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय
बीकानेर, राजस्थान

## मुख्य मार्गदर्शक

**श्रीमती कविता पाठक ( R.A.S. )**
निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

## मार्गदर्शक

**डॉ. अनिल कुमार ( R.A.S. )**
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक,
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर

**श्री शिवजी गौड़**
अतिरिक्त निदेशक
राराशैअप्रप, उदयपुर

**डॉ. मोटाराम भादू**
उपनिदेशक
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्
जयपुर

**श्रीमती मनीषा उज्वल**
एसो. प्रोफेसर
राराशैअप्रप, उदयपुर

## प्रभारी अधिकारी

**श्री बन्ना राम रैगर**
असि. प्रोफेसर
राराशैअप्रप, उदयपुर

**श्रीमती योगिता शर्मा**
सहायक निदेशक
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर

**श्रीमती अनामिका चौधरी**
असि. प्रोफेसर
राराशैअप्रप, उदयपुर

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | इकाई | शीर्षक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| | | **काव्य खंड** | |
| 1. | 1 | हरिवंश राय बच्चन | **6** |
| 2 | 2 | आलोक धन्वा | **7** |
| 3 | 3 | कुँवर नारायण | **8** |
| 4 | 4 | रघुवीर सहाय | **9** |
| 5 | 5 | गजानन माधव मुक्तिबोध | **10** |
| 6 | 6 | शमशेर बहादुर सिंह | **11** |
| 7 | 7 | सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' | **12** |
| 8 | 8 | तुलसीदास | **13** |
| 9 | 9 | फ़िराक गोरखपुरी | **14** |
| 10 | 10 | उमा शंकर जोशी | **15** |
| | | **गद्य खंड** | |
| 11 | 11 | भक्तिन | **15** |
| 12 | 12 | बाज़ार दर्शन | **16** |
| 13 | 13 | काले मेघा पानी दे | **18** |
| 14 | 14 | पहलवान की ढोलक | **19** |
| 15 | 15 | चार्ली चैप्लिन यानी हम सब | **20** |
| 16 | 16 | नमक | **21** |
| 17 | 17 | शिरीष के फूल | **22** |
| 18 | 18 | श्रम विभाजन और जाति-प्रथा<br>मेरी कल्पना का आदर्श समाज | **23** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **वितान** | | | |
| 19 | 1 | सिल्वर वैडिंग | **24** |
| 20 | 2 | जूझ | **25** |
| 21 | 3 | अतीत के दबे पाँव | **26** |
| 22 | 4 | डायरी के पन्ने | **27** |
| 23 | 5 | पठित गद्यांश | **29** |
| 24 | 6 | पठित पद्यांश | **30** |
| 25 | 7 | व्यावहारिक व्याकरण | **33** |
| **अभिव्यक्ति एवं माध्यम** | | | |
| 26 | 1 | विभिन्न माध्यमों के लिए लेखन | **35** |
| 27 | 2 | फीचर | **36** |
| 28 | 3 | आलेख | **37** |
| 29 | 4 | पत्र एवं प्रारूप लेखन | **37** |
| 30 | 5 | निबंध लेखन | **40** |
| 31 | 6 | अपठित गद्यांश | **41** |
| 32 | 7 | अपठित पद्यांश | **45** |
| **मॉडल प्रश्न पत्र उच्च माध्यमिक परीक्षा 2022 (निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार)** | | | |
| 33 | 1 | मॉडल प्रश्न पत्र-एक | **56** |
| 34 | 2 | मॉडल प्रश्न पत्र-दो | **64** |
| 35 | 3 | मॉडल प्रश्न पत्र-तीन | **71** |

# पाठ 1

# हरिवंश राय बच्चन

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. नादान कौन है तथा क्यों ?
2. कवि सीखे हुए ज्ञान को क्यों भूला रहा है ?
3. चिड़ियों के पैरों में चंचलता आने का क्या कारण है ?
4. कवि ने स्वयं को दीवाना क्यों कहा है ?
5. ' मंजिल भी तो दूर नहीं' , पंक्ति में निहित लाक्षणिक अर्थ बताइए ।
6. 'यह प्रश्न शिथिल करता पद को।' पथिक के पदों को कौन-सा प्रश्न शिथिल कर देता है ?
7. कवि किसका पान किए विचरण करता है ?
8. "आत्मपरिचय" कविता में कवि क्या संदेश दे रहा है ?
9. "आत्मपरिचय" कविता बच्चन जी के किस गीत संग्रह से ली गई है ?
10. बच्चन जी की किस कृति पर उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला ?
11. "नीड़ का निर्माण फिर-फिर" किस विधा की रचना है ?
12. 'जगजीवन' का अर्थ क्या है ?
13. हालावादी दर्शन के प्रणेता कौन से कवि हैं ?
14. शीतल वाणी में आग पद में कौन सा अलंकार है ?
15. कवि हरिवंश राय बच्चन के किन्हीं तीन काव्य संग्रह के नाम लिखिए
16. कवि को यह संसार अपूर्ण क्यों लगता है ?
17. दिन का पंथी जल्दी-जल्दी क्यों चलता है ?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'जहाँ पर दाना रहते हैं, वही नादान भी होते हैं ' कवि ने ऐसा क्यों कहा ?
2. "शीतल वाणी में आग" के होने का क्या अभिप्राय है ?
3. "मैं और, और जग और, कहां का नाता ?" कवि अपने आप को इस संसार से क्यों नहीं जोड़ पाया है ?

4. बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झांक रहे होंगे ?

5. 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' गीत में किस तरह के प्रेम की अभिव्यक्ति हुई है ?

### निबंधात्मक प्रश्न

1. आत्मपरिचय कविता के उद्देश्य या प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए ।

2. दिन जल्दी-जल्दी ढलता है कविता में व्यक्त गूढ़ अर्थ को स्पष्ट कीजिए ।

# पाठ दो

# आलोक धन्वा

### अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. शरद ऋतु का आगमन कैसे हुआ ?

2. छतों को नरम बनाने से कवि का क्या आशय है ?

3. “खरगोश की आंखों जैसा लाल सवेरा “ उपरोक्त पद में कौन-सा अलंकार है ?

4. 'पतंग' कविता आलोक धन्वा के किस काव्य संग्रह से ली गई है ?

5. सूर्योदय के पहले किसका जादू होता है ?

6. 'पतंग' कविता में किस ऋतु का वर्णन किया गया है ?

7. दुनिया की सबसे हल्की और रंगीन चीज किसे कहा गया है ?

8. 'पतंग' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए ।

9. “तितलियों की इतनी नाजुक दुनिया” 'पतंग' कविता में यह किसके लिए कहा गया है ?

10. ''पतंग'' कविता में कपास किसका प्रतीक है ?

11. “पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं ।” पतंगों के साथ कौन उड़ रहे हैं ?

12. 'पतंग' कविता में पुलों को पार करते हुए कौन आता है ?

### लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. “पतंगों के साथ-साथ वह भी उड़ रहे हैं ।” बच्चों का उड़ान से कैसा संबंध बनता है ?

2. “छतों को भी नरम बनाते हुए,” बच्चे छतों को कैसे नरम बना देते हैं? स्पष्ट करें ।

3.  'पतंग' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए ।

4.  पृथ्वी बालकों के पैरों के पास स्वयं घूमती हुई क्यों चली आती है ? 'पतंग' कविता के आधार पर बताइए ।

### निबंधात्मक प्रश्न

1. "सबसे तेज बौछारें गई भादो गया" के बाद प्रकृति में जो परिवर्तन कवि ने दिखाया है उसका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए  ।

## पाठ 3

## कुंवर नारायण

### अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1.  कविता की उड़ान एवं चिड़िया की उड़ान में क्या अंतर है ?

2. बिना मुरझाए कौन महकता है ?

3. कविता और बच्चों के खेल में क्या समानता है ?

4.  भाषा के चक्कर से क्या तात्पर्य है ?

5. कवि ने अपने किस कार्य को करतब कहा है ?

6.  भाषा को सहूलियत से बरतने का क्या अभिप्राय है ?

7.  बात ने कवि से क्या पूछा ?

8.  ,कवि से शरारती बच्चे के समान कौन खेल रही थी ?

9.  "सब घर एक कर देना " पद का आशय  बताइए  ।

10. बात कवि के साथ किसके समान खेल रही थी ?

11.  कविता के पंख लगा उड़ने से क्या तात्पर्य है ?

12. 'बात सीधी थी पर' कविता में कवि ने किस पर बल दिया है  ?

13. कविता की उड़ान को किस के बहाने से व्यक्त किया गया है ?

14. कविता का खिलना फूल क्यों नहीं जान सकता है ?

15.  बात किस के चक्कर में टेढ़ी फंस गई ?

16.  'बात सीधी थी पर' कविता का मूल भाव बताइए।

17. “ आखिरकार वही हुआ जिसका मुझे डर था ।” कवि को क्या डर था ?

18. 'कविता के बहाने' नामक कविता के रचयिता का नाम बताइए ।

19. 'बात सीधी थी पर' नामक कविता कवि के किस काव्य संग्रह से ली गई है ?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'कविता के बहाने' कविता के आधार पर बताएं कि सब घर एक कर देने के मायने क्या है ?

2. कविता के संदर्भ में बिना मुरझाए महकने के मायने क्या होते हैं ?

3. "कविता एक खेल है बच्चों के बहाने ।" कैसे ?

4. कभी-कभी भाषा के चक्कर में सीधी बात भी टेढ़ी हो जाती है। कैसे ?

5. सारी मुश्किल को धैर्य से समझे बिना धैर्य न रखने का क्या परिणाम हुआ ?

6. “ क्या तुमने भाषा को सहूलियत से बरतना कभी नहीं सीखा ? ” इस पंक्ति में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

## निबंधात्मक प्रश्न

1. 'कविता के बहाने' कविता में कवि ने कविता रचना को किस के समकक्ष बताया है और कैसे ?

2. 'बात सीधी थी पर' कविता में कवि ने किस विषय पर ध्यान आकर्षित किया है ? स्पष्ट कीजिए।

# पाठ 4

# कैमरे में बंद अपाहिज

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. “ कैमरे में बंद अपाहिज” करुणा के मुखोटे मैं छिपी .......................... की कविता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति करो )

2. “ कैमरे में बंद अपाहिज“ कविता में कवि ने दूरदर्शन के कार्यक्रम संचालकों की किस मानसिकता को उजागर किया है ?

3. पर्दे पर किसकी कीमत है ?

4. ' कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में दूरदर्शन कर्मियों की किस मनोवृत्ति को दर्शाया गया है ?

5. 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता का प्रतिपाद्य क्या है ?

6. “कैमरे में बंद अपाहिज “ कविता में कवि ने किस पर व्यंग्य किया है ?

7. “बस थोड़ी सी कसर रह गई। ” किस चीज की कसर रह गई ? स्पष्ट कीजिए ।

8. “पर्दे पर वक्त की कीमत है।”  कथन का क्या आशय है ?

9. रघुवीर सहाय की कविता 'कैमरे में बंद अपाहिज' उनके किस काव्य संग्रह से ली गई है ?

10. रघुवीर सहाय को किस कृति पर साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।

2. "पर्दे पर वक्त की कीमत है।" इस कथन का क्या आशय है ?

3. 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता  किसी सामाजिक उद्देश्य की पूर्ति करती है? स्पष्ट कीजिए ।

4. "आपको अपाहिज होकर कैसा लगता है?"  यह प्रश्न पूछने वाले की किस मानसिक स्थिति को दर्शाता है ?

## निबंधात्मक प्रश्न

1. “कैमरे में बंद अपाहिज“, करुणा के मुखोटे में छिपी क्रूरता की कविता है। अपने  विचार व्यक्त कीजिए ।

2.  “कैमरे में बंद अपाहिज ” कविता में कवि ने किस तरह के बाजारीकरण को प्रस्तुत किया है और कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

# पाठ 5

# सहर्ष स्वीकारा है

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. कवि जीवन की प्रत्येक परिस्थिति को सहर्ष स्वीकार क्यों करता है ?

2. कवि अपने दिल की तुलना किससे करता है और क्यों ?

3. कवि अपनी प्रेयसी को अपने जीवन में किस प्रकार अनुभव करता है ?

4. 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि की आत्मा कैसी हो गई है ?

5. “पाताली अंधेरे की गुहाओं  के विवरों  में ।” यहां विवरों  का अर्थ क्या  है ?

6. “सहर्ष स्वीकारा है।” कविता में कवि ने क्या प्रेरणा दी है ?

7.  कवि को बहलाती सहलाती आत्मीयता बर्दाश्त क्यों नहीं होती है ?

8. 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए ।

9. कवि स्वयं के लिए किस प्रकार का दंड पाना चाहता है ?

10. कवि मुक्तिबोध की रचना 'सहर्ष स्वीकारा है' उनके किस काव्य संग्रह में संकलित है ?

11. मुक्तिबोध द्वारा रचित 'काठ का सपना' किस विधा की रचना है ?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि ने क्या प्रेरणा दी है ?
2. "बहलाती सहलाती आत्मीयता बर्दाश्त नहीं होती।" कवि को यह स्थिति असह्य क्यों लगती है ?
3. "दिल में क्या झरना है ?मीठे पानी का सोता है", कवि ने दिल में किस झरने की बात कही है ?

## निबंधात्मक प्रश्न

1. "बहलाती सहलाती आत्मीयता बर्दाश्त नहीं होती है" कविता के शीर्षक 'सहर्ष स्वीकारा है' में आप कैसे अंतर्विरोध पाते हैं ?

2. कवि किस प्रकार के दंड की अपेक्षा अपने प्रिय से चाहता है ? कविता 'सहर्ष स्वीकारा है' के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

# पाठ 6

# उषा

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'उषा' का जादू टूटने से क्या तात्पर्य है ?
2. 'उषा' कविता में कवि ने किस-का वर्णन किया है ?
3. "लाल केसर से धुली काली सिल", में किस दृश्य का चित्रण है ?
4. "गौर झिलमिल देह" द्वारा किस दृश्य का चित्रण हुआ है ?
5. "उषा का जादू टूटता है" यहाँ 'उषा' का जादू से क्या तात्पर्य है ?
6. 'उषा' कविता में प्रातः कालीन नीला आकाश किसके जैसा बताया गया है ?
7. प्रातः कालीन आकाश की तुलना किस –से की गई है ?
8. "राख से लीपा हुआ चौका" कवि ने ऐसा क्यों कहा ?
9. 'उषा' कविता से कवि ने क्या व्यंजना की है ?

10. “स्लेट पर या लाल खड़िया चाक मल दी हो किसी ने ।” उषा कविता की इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए

11. शमशेर बहादुर सिंह द्वारा रचित काव्य संग्रह का नाम लिखिए ।

### लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'उषा' कविता में भोर का प्राकृतिक सौंदर्य चित्रण किस प्रकार किया गया है ?

2. "नील जल में झिलमिलाती गौर देह" के द्वारा किस प्राकृतिक दृश्य का चित्रण किया गया है ?

3. "जादू टूटता है इस उषा का" पद में उषा का जादू कब और कैसे टूट जाता है ?

### निबंधात्मक प्रश्न

1. कविता के किन उपमानों को देखकर यह कहा जा सकता है कि 'उषा' कविता गांव की सुबह का गतिशील शब्द चित्र है ?

2. 'उषा' कविता के केंद्रीय भाव को स्पष्ट कीजिए ।

## पाठ 7

# सूर्य कांत त्रिपाठी 'निराला'

### अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. कवि 'निराला' का जन्म कब व कहाँ हुआ था ?

2. कवि 'निराला' का संबंध मुख्यतः आधुनिक युग के किस वाद से है ?

3. आधुनिक हिंदी में 'मुक्त छंद' के प्रणेता कौन है ?

4. कवि 'निराला' ने किन पत्रिकाओं का सम्पादन किया था ?

5. 'बादल राग' कविता निराला की किस कृति से ली गई है ?

6. "धिक् जीवन जो पाता ही आया विरोध" उक्त पंक्ति किस कवि की है ?

7. "अट्टालिका नहीं है रे" उक्त पंक्ति में किस वर्ग की पक्षधरता की अनुगूँज है ?

8. अकाल की चिंता से व्याकुल किसान की हालत कैसी हो रही है ?

9. तपी-झुलसी धरती पर क्रांति का संदेश कौन लाया ?

10. 'बादल राग' कविता में बादल किसान के संदर्भ में क्या संदेश दे रहा है ?

11. "<u>अशनि-पात</u> से <u>शापित</u> उन्नत शत-शत वीर।" पद में रेखांकित शब्दों के अर्थ बताइये।

12. बादल राग' कविता में मुख्यतः कौनसा अलंकार है ?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1."जीर्ण बाहु, है शीर्ण शरीर", 'बादल राग' कविता में ये पंक्तियाँ किसके लिए कही गई है ? और क्यों ?

2. 'बादल राग' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिये।

3. "ऐ जीवन के पारावार"- यह किसके लिए एवं क्यों कहा गया है ? समझाइये।

4. 'विप्लव-रव से छोटे ही हैं शोभा पाते।' पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिये।

## निबंधात्मक प्रश्न

1. 'बादल राग' कविता में मजदूर व किसान वर्ग की व्यंजनापूर्ण अभिव्यक्ति हुई है। स्पष्ट कीजिये।

2. 'बादल राग' कविता तात्कालिक वंचित वर्ग की परिस्थितियों का प्रतिबिम्ब है। स्पष्ट कीजिये।

# पाठ 8

# गोस्वामी तुलसीदास

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. कवितावली की  रचना किसने की?

2. तुलसीदासजी ने रामचरितमानस की रचना किस भाषा में की ?

3. तुलसीदासजी ने राम की भक्ति किस भाव से की ?

4. 'धूत कहौ, अवधूत कहौ' नामक छंद में रचनाकार तुलसी के किस स्वभाव का परिचय मिलता है ?

5. "तव प्रताप उर राखि प्रभु जैहउँ नाथ तुरंत" यह किसने कहा ?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1.रावण के अभिमानी वचनों को  सुनकर कुम्भकर्ण ने उसे क्या सीख दी ?

2. 'पेट की आग का शमन ईश्वर(राम ) भक्ति का मेघ ही कर सकता है।' आप इस बात से किस हद तक सहमत है ?

3. शोकग्रस्त माहौल में हनुमान के अवतरण को करुण रस के बीच वीर रस का आविर्भाव क्यों कहा  गया है ?

## निबंधात्मक प्रश्न

1. तुलसीदास की लोक व शास्त्र दोनों में गहरी पैठ है तथा जीवन व जगत की व्यापक अनुभूति और मार्मिक प्रसंगों की अचूक समझ है। तर्क सहित उत्तर दीजिये।

2. विविध विषमताओं से ग्रस्त कलिकाल तुलसी का युगीन यथार्थ है। आप इस कथन से किस प्रकार सहमत है ? तर्क सहित उत्तर दीजिये।

3. तुलसीदास द्वारा रचित पदों के आधार पर बताइये कि क्या तुलसी युग में व्याप्त समस्याएँ आज भी समाज में विद्यमान  है ?

## पाठ 9

# फिराक गोरखपुरी

### अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. "सदके फिराक एजाजे-सुखन के कैसे उड़ा ली ये  आवाज" पंक्ति में कौन सी भाषा का प्रयोग हुआ है ?

2. "जर्रा -जर्रा  सोए हैं"  वाक्य में  जर्रा-जर्रा का क्या अर्थ है?

3. रुबाइयाँ में  किस रस का प्रयोग हुआ है ?

4. 'चाँद के टुकडे' उपमान का प्रयोग किसके लिए किया गया ?

5. बालक द्वारा चाँद  मांगने की ज़िद को माँ ने कैसे पूरा किया ?

6. फिराक गोरखपुरी ने  रक्षाबंधन के लच्छों  को बिजली की तरह चमकीला क्यों बताया है ?

7. फिराक गोरखपुरी की गजलों में प्रकृति का चित्रण किस शैली में किया गया है ?

8. 'रुबाइयाँ' नामक कविता  फिराक गोरखपुरी की किस रचना से ली गई है से ली गई ?

9. फिराक गोरखपुरी को उनकी किस कृति पर साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया ?

### लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. कवि  राखी के  लच्छे  को बिजली की चमक की तरह कहकर क्या भाव व्यंजित  करना चाहता है ?

2. "मेरा परदा  खोले है या अपना परदा खोले हैं" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

### निबंधात्मक प्रश्न

1. “देख आईने में चाँद  उतर आया है ।“ पंक्ति के माध्यम से कवि क्या बता रहे हैं ?

2. "ये  कीमत भी अदा करें है हम बदरुस्ती-ए-होशो-हवास" गजल की पंक्ति में कवि क्या भाव प्रकट कर रहे हैं **?**

# पाठ 10

# उमाशंकर जोशी

### अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. कवि उमाशंकर जोशी ने कागज के पन्ने की तुलना किससे की है ?

2. कवि उमाशंकर जोशी की रचना 'छोटा मेरा खेत' के संदर्भ में 'अंधड़' क्या है ?

3. कवि उमाशंकर जोशी की रचना 'छोटा मेरा खेत' के संदर्भ में 'बीज ' क्या है ?

4. कवि उमाशंकर जोशी की किन्हीं दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।

5. कवि उमाशंकर जोशी ने कवि कर्म की तुलना किसके कर्म से की है ?

### लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'बीज गल गया नि:शेष' - 'छोटा मेरा खेत' कविता में इसका क्या आशय है ?

2. 'बगुलों के पंख' कविता का प्रतिपाद्य बताइये।

3. 'छोटा मेरा खेत' कविता का प्रतिपाद्य या मूल भाव बताइये।

4. 'छोटा मेरा खेत' कविता में आए रूपक का चुनाव कीजिये ।

### निबंधात्मक प्रश्न

1. 'बगुलों के पंख' कविता एक सुन्दर दृश्य की कविता है। कैसे ? समझाइये।

# गद्य खंड

# पाठ 11

# भक्तिन

### अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'भक्तिन' के चरित्र की दो प्रमुख विशेषताएँ बताइए ।

2. महादेवी वर्मा की किन्हीं तीन रचनाओं के नाम लिखिए ।

3. 'भक्तिन' पाठ की लेखिका का नाम बतलाइए ।

4. महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना के लिए मिला ।

5. 'भक्तिन' का वास्तविक नाम क्या था ?

6. 'भक्तिन' गद्य शैली की किस विधा की रचना है?

7. 'भक्तिन' पाठ महादेवी वर्मा के कि संग्रह से लिया गया है? नाम बताइए ।

8. महादेवी ने भक्तिन के सेवा धर्म की तुलना किससे की है ?

9. 'भक्तिन' में कौन सा भाव प्रबल था ?

10. हमारा समाज विधवा के साथ कैसा व्यवहार करता है ?

11. भक्तिन के विधवा होने पर उसके परिवार वाले क्या चाहते थे ?

12. भक्तिन ने परिवार से अलग होकर रहना क्यों पसंद किया ?

13. भक्तिन अपना वास्तविक नाम क्यों छुपाती थी?

14. भक्तिन को यह नाम किसने दिया ?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. "भक्तिन ने महादेवी वर्मा को अधिक देहाती बना दिया किन्तु स्वयं शहर की हवा से दूर रही ।" इस वाक्य की सत्यता सिद्ध कीजिए

2. " भक्तिन का दुर्भाग्य भी कम हठी नहीं था ।" महादेवी के इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

3. "मेरे भ्रमण की एकांत साथिन भक्तिन हीं रही। " महादेवी के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

4. महादेवी भक्तिन को अपनी सेविका क्यों नहीं मानती थी? 'भक्तिन' पाठ के आधार पर बतलाइए ।

## निबंधात्मक प्रश्न

1. "पुत्र की चाह में परिवार के लोग ही कन्या को जन्म देने वाली माँ के दुश्मन हो जाते हैं।" इस प्रवृत्ति पर भक्तिन पाठ के आधार पर टिप्पणी कीजिए ।

2. " भक्तिन 'नरो वा कुंजरो वा' कहने में भी विश्वास नहीं करती ।" कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

# पाठ 12

# बाजार दर्शन

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. लेखक ने बाजार की असली कृतार्थता क्या बतलाई है ?

2. लेखक ने बाजार के जादू की तुलना किस वस्तु से की है ?

3. संचय की तृष्णा और वैभव की चाह व्यक्ति में क्या प्रमाणित करती है ?

4. लेखक के अनुसार हमें किस समय बाजार जाना चाहिए ?

5. चूरन वाले भगत जी का जीवन हमें क्या शिक्षा देता है ?

6. 'पैसे की पर्चेजिंग पावर' से आप क्या समझते हैं?

7. बाजार का 'बाज़ारूपन' कौन लोग बढ़ाते हैं ?

8. बाजार का आमंत्रण मूक क्यों होता है ?

9. ' बाजार दर्शन' कविता के आधार पर बतलाइए की शून्य होने का अधिकार किसको है ?

10. लेखक ने किस समय बाजार नहीं जाने की सलाह दी है ?

11. 'बाजार दर्शन' नामक पाठ के लेखक का नाम बताइए ।

12. 'बाजार दर्शन' पाठ गद्य लेखन की कौन सी विधा में रचित है ?

13. बाजार का पोषण करने वाले अर्थशास्त्र को लेखक ने क्या नाम दिया है ?

14. 'बाजार दर्शन' पाठ में लेखक ने किस का वर्णन किया है ?

15. 'पाज़ेब' रचना गद्य शैली में किस विधा की रचना है ?

16. किस प्रकार के मनुष्य बाजार को सार्थकता देते हैं ?

17. बाजार के जादू चढ़ने और उतरने का मनुष्य पर क्या असर पड़ता है ?

18. बाजार को शैतान का जाल क्यों कहा गया ?

19. पैसे की व्यंग्य शक्ति से क्या आशय है ?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'बाजार दर्शन' निबंध के आधार पर बाजार के जादू को स्पष्ट करते हुए इससे बचने के उपाय लिखिए।

2. "ऐसे बाजार मानवता के लिए विडंबना है। " लेखक जैनेंद्र कुमार ने ऐसा क्यों कहा है ? स्पष्ट कीजिए।

3. 'पर्चेजिंग पावर' का रस किन दो रूपों से प्राप्त होता है? बाजार दर्शन पाठ के आधार पर बताइए ।

4. बाजार दर्शन निबंध का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

## निबंधात्मक प्रश्न

1. 'बाजार दर्शन' में जैनेंद्र ने मन की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

2. बाजार के कौन से दो पक्ष  है? उनकी विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।

# पाठ 13

# काले मेघा पानी दे

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. " कौन कहता है इन्हें इंद्र की सेना?" इस कथन के व्यंग्य  को स्पष्ट कीजिए

2. गाँव  वाले बारिश के लिए क्या-क्या उपाय करते थे ?

3. 'काले मेघा पानी दे' पाठ में जीजी ने दान के पक्ष में क्या तर्क दिया ?

4. लेखक ने मेंढक मंडली पर पानी फेंकने से इंकार क्यों कर दिया ?

5. इंद्र सेना घर-घर पानी माँगते हुए कौन सा नारा लगाती हैं  ?

6. मेंढक मंडली में किस आयु के लड़के होते थे ?

7. 'काले मेघा पानी दे' नामक पाठ के लेखक कौन है ?

8. धर्मवीर भारती द्वारा रचित 'गुनाहों का देवता' नामक रचना हिंदी गद्य शैली की कौन-सी विधा है ?

9. धर्मवीर भारती जी ने किस पत्रिका का संपादन किया ?

10. मेंढक मंडली या इंद्रसेना गाँव  वालों से क्या माँगते है ?

11. 'गगरी फूटी  ………………  पियासा' पाठ के आधार पर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'काले मेघा पानी दे' शीर्षक  निबंध का मूल भाव स्पष्ट कीजिए ।

2. समय पर वर्षा न होने से ग्रामवासी कौन-कौन से उपाय करते हैं ?

3. 'काले मेघा पानी दे' संस्मरण द्वारा लेखक धर्मवीर भारती ने क्या संदेश व्यक्त किया है ?

4. "हम अपने घर का पानी इन पर फेंकते है, वह भी बुवाई है।" जीजी के इस कथन का क्या आशय है ?

## निबंधात्मक प्रश्न

1. “काले मेघा पानी दे” संस्मरण में लेखक ने क्या संदेश दिया है ?

2. “काले मेघा पानी दे", संस्मरण में लोक प्रचलित विश्वास और विज्ञान के द्वंद का सुंदर चित्रण है। इस संबंध में अपना मत व्यक्त कीजिए ।

# पाठ 14

# पहलवान की ढोलक

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'पहलवान की ढोलक' कहानी के नायक पहलवान का नाम क्या था ?

2. गाँव में कौन-सी बीमारी का प्रकोप फैल रहा था ?

3. किस –की आवाज मृत गांव में संजीवनी शक्ति भरती थी ?

4. 'शेर के बच्चे' का असली नाम क्या था ?

5. लुट्टन पहलवान का गुरु कौन था ?

6. लुट्टन पहलवान ने कुश्ती के लिए किस पहलवान को चुनौती दी ?

7. 'पहलवान की ढोलक' नामक कहानी के लेखक का नाम बताइए ?

8. फणीश्वर नाथ रेणु द्वारा रचित ‘मैला आंचल' किस प्रकार का उपन्यास है ?

9. ‘किला पस्त होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए ।

10. रात्रि की भीषणता को कौन ललकारती थी ?

11. 'पहलवान की ढोलक' मुख्य रूप से किसका वर्णन करती है ?

12. 'पहलवान की ढोलक' नामक पाठ में ढोलक की आवाज का गाँव वालों पर क्या प्रभाव पड़ता था ?

13. लुट्टन पहलवान के सर पर कसरत की धुन क्यों सवार हुई ?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. पहलवान की ढोलक कहानी के प्रारंभ में प्राकृतिक वातावरण का चित्रण किस प्रकार किया गया है ?

2. ‘पहलवान की ढोलक' नामक कहानी में लुट्टन सिंह एक ऐसा पात्र है जो प्रारंभ से लेकर मृत्यु पर्यंत जिजीविषा का अद्‌भुत दस्तावेज है। कैसे? समझाइए।

3. ‘पहलवान की ढोलक' कहानी में निहित संदेश एवं उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए ।

## निबंधात्मक प्रश्न

1. 'पहलवान की ढोलक' कहानी में व्यक्त सामाजिक विसंगतियों को स्पष्ट कीजिए ।

2. 'पहलवान की ढोलक' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

# पाठ 15

# चार्ली चैप्लिन यानि हम सब

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'चार्ली चैप्लिन यानि हम सब' पाठ के लेखक कौन है ?

2. विष्णु खरे ने मुख्यतः किस विधा पर लेखन किया है ?

3. विष्णु खरे द्वारा सम्पादित किन्हीं दो पत्र-पत्रिकाओं के नाम लिखिए।

4. 'मेरा नाम जोकर' फिल्म के अभिनेता कौन है ?

5. चार्ली चैप्लिन ने किस प्रकार की फिल्मों में अभिनय किया है ?

6. 'चार्ली चैप्लिन' की 'मॉडर्न टाइम्स' फिल्म कब बनी ?

7. चार्ली चैप्लिन की पहली फिल्म का नाम लिखिए।

8. चार्ली चैप्लिन की फिल्में ................. पर टिकी हुई हैं। (रिक्त स्थान की पूर्ति करो)

9. चार्ली चैप्लिन की प्रिय छवि 'ट्रैम्प' थी। रेखांकित शब्द का अर्थ लिखिए।

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'विष्णु खरे' फिल्मों को किस नजरिये से देखते है ?

2. विष्णु खरे के अनुसार भारतीय समाज का सिनेमा के बारे में क्या नजरिया है ?

3. 'विष्णु खरे' ने चार्ली चैप्लिन के प्रभाव वाली किन हिन्दी फिल्मों का उल्लेख किया है ? तथा उनका नायक कौन है ?

4. विष्णु खरे के अनुसार चार्ली चैप्लिन के अभिनय की सबसे बड़ी विशेषता क्या है ?

5. 'चार्ली चैप्लिन' का प्रारंभिक जीवन कैसा था? लिखिए।

## निबंधात्मक प्रश्न

1. 'चार्ली चैप्लिन' का प्रारम्भिक जीवन के संघर्ष को स्पष्ट कीजिये।

2. 'चार्ली चैप्लिन' के व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

3. 'चार्ली चैप्लिन' के भारतीयकरण से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिये।

# पाठ 16

## नमक

### अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. सिख बीवी को देखकर सफिया हैरान रह गई इसका क्या कारण था ?
2. "आखिर कस्टम वाले भी इंसान होते हैं कोई मशीन तो नहीं होते" सफिया ने ऐसा क्यों कहा ?
3. कस्टम अधिकारी सुनील दास का वतन कौन सा था ?
4. सफिया ने सिख बीवी को क्या वचन दिया था ?
5. नमक की पुड़िया ले जाने के संबंध में सफिया के मन में क्या द्वंद्व था ?
6. 'नमक' कहानी का संबंध किससे है ?
7. ' नमक' नामक पाठ में हिंदुस्तान-पाकिस्तान की एकता का मेवा किस फल को कहा गया है ?
8. 'नमक' कहानी के कहानीकार का नाम लिखिए ।
9. 'नमक' कहानी का मुख्य पात्र कौन है ?

### लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'नमक' कहानी के आधार पर समझाइए की भारत-पाकिस्तान एवं बांग्लादेश के निवासी आज भी प्रेम की अविच्छिन्न डोर में बंधे हुए हैं ।

2. सिख बीवी, पाकिस्तानी कस्टम ऑफिसर और भारतीय कस्टम ऑफिसर में किस समानता का वर्णन हुआ है ? 'नमक' कहानी के आधार पर बताइए ।

### निबंधात्मक प्रश्न

1. सिख बीवी के प्रति सफिया का क्या स्नेह भाव था? 'नमक' पाठ के आधार पर बतलाइए।
2. 'नमक' कहानी के मूल संदेश पर प्रकाश डालते हुए इसका सारांश प्रस्तुत कीजिए ।

# पाठ 17

# शिरीष के फूल

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने किस पत्रिका का संपादन किया ? नाम बतलाइए ।

2. 'शिरीष के फूल' किस संग्रह से उद्धृत निबंध है?

3. 'शिरीष के फूल' किस विधा की रचना है ?

4. लेखक ने शिरीष को किस की संज्ञा दी है ?

5. उमस और लू में कौन-सा पेड़ कालजयी अवधूत की भांति अजेय बना रहता है ?

6. लेखक ने कवि बनने के लिए क्या बनना आवश्यक माना है ?

7. पुराने फलों को अपने स्थान से ना हटते देखकर लेखक को समाज में किसकी याद आती है ?

8. शिरीष किस मंत्र का प्रचार करता रहता है ?

9. जगत का अति प्रामाणिक सत्य क्या है ?

10. शिरीष को देखकर लेखक के मन में हूँक क्यों उठती है ?

11. लेखक ने शिरीष के फूलों की तुलना किससे की है ?

12. हजारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म कब हुआ ?

13. 'शिरीष के फूल' नामक पाठ के लेखक का नाम लिखिए ?

14. श्री हजारी प्रसाद द्विवेदी जी को कौन-सी रचना के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया ?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. " हाय !वह अवधूत आज कहां है ?" 'शिरीष के फूल' निबंध के आधार पर बताइए कि उक्त वाक्य किसके लिए और क्यों कहा गया है ?

2. शिरीष वृक्ष को लक्ष्य कर हजारी प्रसाद द्विवेदी ने किस सांस्कृतिक गरिमा की ओर संकेत किया है ?

3. काल के कोड़ों की मार से कौन बच सकता है ? 'शिरीष के फूल' पाठ के आधार पर बतलाइए

## निबंधात्मक प्रश्न

1. “जरा और मृत्यु दोनों ही जगत के अति परिचित और अति प्रामाणिक सत्य है।” उक्त  कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

2. कालिदास ने शिरीष की कोमलता और द्विवेदी जी ने शिरीष की कठोरता के विषय में क्या कहा है ?

## पाठ 18

# बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर

### अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. आंबेडकर  की प्रथम प्रकाशित कृति का नाम लिखिए।

2. 'बहिष्कृत भारत' पत्रिका के सम्पादक कौन थे  ?

3. आंबेडकर द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं के नाम लिखो।

4. बाबा साहेब आंबेडकर सम्पूर्ण वाङ्मय कितने खण्डों में प्रकाशित है ?

5. 1956 में आंबेडकर ने कौनसा मत अपनाया था ?

6. आंबेडकर पर बुद्ध के किस दर्शन का प्रभाव पड़ा ?

7. 'भारतीय संविधान का निर्माता'किसे कहा जाता है ?

8. आदर्श समाज का आधार क्या बताया गया है ?

9. 'जाति प्रथा' से क्या तात्पर्य है ?

### लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. बी.आर.आंबेडकर किन-किन विषयों के ज्ञाता थे ?

2. आंबेडकर ने किस वर्ग को  मानवीय अधिकार दिलाने हेतु संघर्ष किया ?

3. "तुम पढ़-लिखकर क्या बनोगे ?" अध्यापक के इस प्रश्न का आंबेडकर ने क्या जवाब दिया ?

4. पाठ में उद्धरित अंश आंबेडकर के  किस भाषण से लिया गया है तथा उसका हिंदी रूपांतरण किसने किया है ?

5. जातिवाद के समर्थन का मुख्य आधार क्या बताया जाता है ?

6. श्रमिकों के अस्वाभाविक विभाजन का समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

7. लेखक ने दासता का  क्या अर्थ बताया है ? स्पष्ट कीजिये।

### निबंधात्मक प्रश्न

1. मनुष्य की क्षमता किन बातों पर निर्भर करती है ? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिये।

2. 'जाति-प्रथा' से समाज पर पड़ने वाले प्रभावों को स्पष्ट कीजिये।

3. वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना के लिए आवश्यक विशेषताएँ कौनसी है ?स्पष्ट कीजिये।

# वितान

# पाठ 1

## सिल्वर वेडिंग

### अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. यशोधर बाबू ने कौन-सी अदा किशन दा से सीखी थी ?

2. 'सिल्वर वेडिंग' कहानी किस द्वंद्व पर आधारित है ?

3. 'सिल्वर वेडिंग' कहानी में लेखक क्या कहना चाहता है ?

4. यशोधर बाबू की कौन-सी बात उनकी पत्नी व बच्चों को अखरती है ?

5. यशोधर बाबू अपने परिवार से क्या अपेक्षा करते थे ?

6. यशोधर बाबू को अपने पर गर्व और प्रसन्नता का बोध कब होता है ?

7. यशोधर बाबू अपने बच्चों के संबंध में प्रायः किशन दा का कौन सा फिकरा दोहराते थे ?

8. 'सिल्वर वेडिंग' कहानी में किस प्रवृत्ति पर व्यंग्य किया गया है ?

9. 'सिल्वर वेडिंग' कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

10. यशोधर बाबू की पत्नी विलायती परंपरा को भी अपने उत्सव-सा क्यों मान लेती है ?

11. यशोधर बाबू को किसकी बातचीत से पता चलता है कि उनके विवाह के 25 वर्ष पूरे हो गए हैं ?

12. रोजी-रोटी की तलाश में यशोधर पंत दिल्ली में किसकी शरण में आए थे ?

13. यशोधर बाबू ने अपने जीवन काल में मकान क्यों नहीं बनाया ?

14. यशोधर बाबू की एकमात्र बेटी उन्हें किस बात की धमकी देती है ?

15. यशोधर बाबू अपनी पत्नी के बारे में क्या सोचते हैं ?

16. यशोधर बाबू अपनी सिल्वर वेडिंग' पर केक क्यों नहीं खाते हैं ?

17. भूषण पिता के लिए गाउन क्यों लाया था ?

18. यशोधर बाबू का धार्मिक प्रवचन में मन क्यों नहीं लग पाता है ?

19. यशोधर बाबू लड़की की ड्रेस के मामले में क्या चाहते थे?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. "वर्तमान काल में मानवीय जीवन मूल्य हाशिए पर धकेले जा रहे है।" 'सिल्वर वेडिंग' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिये।

2. क्या पीढ़ियों के अंतराल में जीवन मूल्य बदल जाते है ? कथन की पुष्टि कीजिये।

3. ग्रामीण परिवेश से आये लोग किस तरह शहरी जीवन से प्रभावित होकर अपनी जीवन शैली बदल देते है ? 'सिल्वर वेडिंग' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिये।

## निबंधात्मक प्रश्न

1. 'सिल्वर वेडिंग' कहानी में मानवीय मूल्यों के घिसने तथा सामाजिक विकास में बाधा डालने वाले तत्वों की व्यंजना हुई है।" कथन को स्पष्ट कीजिए ।

2. 'सिल्वर वेडिंग' कहानी के प्रमुख पात्र यशोधर बाबू समय के साथ ढल सकने में असफल रहते हैं ।ऐसा क्यों? लिखिए ।

**3.** "आधुनिकता की ओर बढ़ता हमारा समाज एक ओर नई उपलब्धियों को समेटे हुए हैं तो दूसरी ओर मनुष्य बनाए रखने वाले मूल्य कहीं घिसते चले गए हैं " सिल्वर वेडिंग कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

4. "यशोधर बाबू अपने ही घर में पूरी तरह बेचारे और असहाय हो चुके हैं।" 'सिल्वर वेडिंग' कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए ।

# जूझ

# पाठ 2

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. लेखक आनंद यादव ने अपने पढ़ने की बात माँ के सामने कब छेड़ी ?
2. लेखक आनंद यादव की माँ उदास और निराश क्यों थी ?
3. दत्ता जी राव ने दादा को मुख्य रूप से किस बात पर डाँटा था ?

4. लेखक आनंद यादव को अपनी कक्षा में पहले दिन दीवार से पीठ सटाकर क्यों बैठना पड़ा था ?

5. माँ के मन में जंगली सूअर बहुत गहराई तक बैठा हुआ था, इसमें 'जंगली सूअर' किसके लिए कहा गया है ?

6. आनंदा को खेती के कौन-कौन से कार्य करने पर ही अध्ययन की अनुमति पिता द्वारा दी गई थी ?

7. लेखक ने वसंत पाटिल से मित्रता क्यों की थी ?

8. कविता के प्रति लगाव बढ़ने के बाद लेखक को अकेलापन अच्छा क्यों लगने लगा ?

9. लेखक के छात्र जीवन से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

10. लेखक आनंद यादव ने 'जूझ' उपन्यास मूल रूप से किस भाषा में लिखा और उसका हिंदी अनुवाद किसने किया ?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'जूझ ' के लेखक आनंद यादव के चरित्र की किन दो विषेशताओं ने आपको प्रभावित किया है ?उत्तर दीजिये।

2. लेखक आनंद यादव को कविताएँ रचने एवं गाने की प्रेरणा किस गुरु से मिली ?

## निबंधात्मक प्रश्न

1. ' जूझ' शीर्षक के औचित्य पर विचार व्यक्त करते हुए स्पष्ट करें कि क्या यह शीर्षक कथा नायक की किस केंद्रीय चारित्रिक विशेषता को उजागर करता है ?

2. कविता के प्रति लगाव से पहले और उसके बाद अकेलेपन के प्रति लेखक की धारणा में क्या बदलाव आया है ?

3. " निम्न मध्यवर्गीय ग्रामीण परिवेश का किशोर प्रतिकूल परिस्थितियों में भी आगे बढ़ना चाहता है। " इस कथन की समीक्षा 'जूझ' आत्मकथात्मक उपन्यास के अंश के आधार पर कीजिए ।

4. 'जूझ' आत्मकथात्मक अंश के आधार पर लेखक की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

5. 'जूझ' आत्मकथात्मक अंश की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए।

# अतीत में दबे पाँव

# पाठ 3

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. ओम थानवी का जन्म कब हुआ ?

2. ओम थानवी ने किस साप्ताहिक पत्रिका का सम्पादन किया ?

3. ओम थानवी को पत्रकारिता के लिए मुख्यतः कौनसा पुरस्कार प्रदान किया गया ?

4. लेखक के अनुसार दुनिया के सबसे पुराने नियोजित शहर कौन-से है ? नाम लिखिए।

5. मुअन जोदड़ों की मुख्य सड़क लगभग कितनी चौड़ी थी ?

6. मुअन जोदड़ों की खोज सर्वप्रथम किसने की ?

7. मुअन जोदड़ों की सड़के किस प्लान पर आधारित थी ?

8. मुअन जोदड़ों से प्राप्त ईंटों का  आकार किस अनुपात में था ?

9. सिंधु घाटी सभ्यता के लोग मुख्यतः किन-किन अनाजों से परिचित थे ?

10. 1920-30 के मध्य किन दो स्थानों की खुदाई का कार्य किया गया ?

11. सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे बड़ा व सबसे समृद्ध नगर कौनसा था ?

### लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. सिंधु घाटी सभ्यता में जल निकासी व्यवस्था पर प्रकाश डालिये।

2. 'ग्रिड प्लान' शैली क्या होती है ? समझाइये।

3. राजस्थान में 'कुलधरा' गाँव कहाँ स्थित है तथा पुरातत्व में उसका क्या महत्व है ?

4. सिंधु घाटी सभ्यता के दोनों नगरों से प्राप्त ईंटों में क्या अन्तर है ?

### निबंधात्मक प्रश्न

1. 'सिन्धु सभ्यता की खूबी उसका सौन्दर्य बोध  है जो कि समाज पोषित था।' ऐसा क्यों कहा गया ?

2. मुअन जोदड़ों से प्राप्त बौद्ध स्तूपों की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3. मुअन जोदड़ों नगर के घरों व नालियों का वर्णन पाठ के आधार पर कीजिये।

4. कुलधरा गाँव कहाँ स्थित है ? लेखक को कुलधरा व सिन्धु सभ्यता में क्या समानता दिखाई दी ?

# डायरी के पन्ने

## पाठ 4

### अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. ऐन फ्रेंक का  जन्म कब व  कहाँ हुआ था ?

2. 'डायरी के पन्ने' किस विधा की रचना है ?

3. 'डायरी के पन्ने' कृति अंग्रेजी में  किस नाम से प्रकाशित हुई ?

4. 'डायरी के पन्ने' मूलतः किस भाषा की रचना है ?

5. 'अज्ञातवास' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिये।

6. लेखिका के परिवार ने अज्ञातवास कहाँ बिताना तय किया ?

7. 'मार्गोट' कौन थी ?

8. राशन कार्ड नहीं होने पर एक कार्ड के लिए कितने गिल्डर देने पड़ते थे ?

9. लेखिका के जन्म दिन पर 'मारिया तेरेसा' नाम की किताब किसने भेंट की थी ?

10. लेखिका ने 'जन्मजात बहादुर' किसके लिए कहा है ?

11. ऐन फ्रेंक ने अपनी डायरी में किसको सम्बोधित किया है ?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. डायरी लेखन हेतु मुख्यतः किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? लिखिए।

2. लेखिका के परिवार को छुपकर क्यों रहना पड़ा ?

3. अज्ञातवास जाते वक्त लेखिका ने ढ़ेर  सारे कपड़े क्यों पहने थे ?

4. लेखिका को डायरी किसने व कब दी थी ?

5. 'मौत के खिलाफ मनुष्य' पुस्तक से लेखिका को क्या ज्ञात हुआ ?

6. ऐन फ्रेंक के पिता 'नर्वस' क्यों थे ? पाठ के आधार पर समझाइये।

7. अज्ञातवास के समय  ऐन फ्रेंक एवं उसके परिवार का जीवन कैसा था ? समझाइये।

## निबंधात्मक प्रश्न

1. "द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यहूदियों के हालात नारकीय थे।" पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिये।

2. 'डायरी के पन्ने' पाठ के आधार पर बताइये कि ऐन फ्रेंक बहुत ही प्रतिभाशाली थी।

3. अज्ञातवास के समय  ऐन फ्रेंक के जन्म दिन पर उसे क्या-क्या उपहार मिले थे ?

# पठित गद्यांश

## (1)

निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

पिता का उस पर अगाध प्रेम होने के कारण स्वभावतः ईर्ष्यालु और संपत्ति की रक्षा में सतर्क विमाता ने उनके मरणांतक रोग का समाचार तब भेजा जब वह मृत्यु की सूचना भी बन चुका था । रोने पीटने के अपशकुन से बचने के लिए सास ने भी कुछ न बताया बहुत दिन से नैहर नहीं गई, सो जा कर देख आवे , यही कहकर और पहना उढ़ाकर सास ने उसे विदा कर दिया। इस अप्रत्याशित अनुग्रह ने उन उसके पैरों में जो पंख लगा दिए थे, वह गांव की सीमा में पहुंचते ही झड़ गए ।

## (2)

भक्तिन के संस्कार ऐसे हैं कि वह कारागार से वैसे ही डरती है , जैसे यमलोक से। ऊंची दीवार देखते ही वह आखें मूंद कर बेहोश हो जाना चाहती है ।उसकी कमजोरी इतनी प्रसिद्धि पा चुकी है कि लोग मेरे जेल जाने की संभावना बता बता कर उसे चिढ़ाते रहते हैं ।वह डरती नहीं ,यह कहना असत्य होगा ; पर डर से भी अधिक महत्व मेरे साथ का ठहरता है । चुपचाप मुझसे पूछने लगती है कि वह अपनी कै धोती साबुन से साफ कर लें, जिससे मुझे वहां उसके लिए लज्जित ना होना पड़े । क्या-क्या सामान बांध ले जिससे मुझे वहां किसी प्रकार की असुविधा ना हो सके।

## (3)

बाजार आमंत्रित करता है कि आप मुझे लूटो और लूटो । सब भूल जाओ ,मुझे देखो ।मेरा रूप और किसके लिए है ? मैं तुम्हारे लिए हूं । कुछ नहीं चाहते हो, तो भी देखने में क्या हर्ज है। अजी आओ भी। इस आमंत्रण में यह खूबी है कि आग्रह नहीं है। आग्रह तिरस्कार जगाता है। लेकिन ऊँचे बाजार का आमंत्रण मूक होता है और उसी से चाह जगती है । चाह मतलब अभाव । चौक बाजार में खड़े होकर आदमी को लगने लगता है कि उसके अपने पास काफी नहीं है और चाहिए ,और चाहिए मेरे यहां कितना परिमित है और यहां कितना अतुलित है ओह !

## (4)

देश की कितनी क्षति होती है इस तरह के अंधविश्वासों से। कौन कहता है इन्हें इंद्र की सेना? अगर इंद्र महाराज से पानी दिलवा सकते हैं तो खुद अपने लिए पानी क्यों नहीं मांग लेते ? क्यों मोहल्ले भर का पानी नष्ट करवाते घूमते हैं ,नहीं यह सब पाखंड है। अंधविश्वास है ।ऐसे ही अंधविश्वासों के कारण हम अंग्रेजों से पिछड़ गए और गुलाम बन गए।

## (5)

विजयी लुट्टन कूदता फांदता ,ताल ठोकता सबसे पहले बाजे वाले की ओर दौड़ा और ढोलों को श्रद्धापूर्वक प्रणाम किया । फिर दौड़ कर उसने राजा साहब को गोद में उठा लिया राजा साहब के कीमती कपड़े मिट्टी में सन गए। मेजर साहब ने आपत्ति की -"हें- हें.... अरे -रे!" किंतु राजा साहब ने स्वयं उसे छाती से लगाकर गदगद होकर कहा - ",जीते रहो बहादुर ! तुमने मिट्टी की राज लाज रख ली!"

**(6)**

जब उसका सामान कस्टम पर जांच के लिए बाहर निकाला जाने लगा तो उसे एक झिरझिरी सी आई और एकदम से उसने फैसला किया कि मोहब्बत का यह तोहफा चोरी से नहीं जाएगा , नमक कस्टम वालों को दिखाएगी वह । उसने जल्दी से पुड़िया निकाली और हैंड बैग में रख ली,जिसमें उसका पैसों का पर्स और पासपोर्ट आदि थे। जब सामान कस्टम से होकर रेल की तरफ चला तो वह एक कस्टम ऑफिसर की तरफ बढ़ी ।

**(7)**

हमारे देश के ऊपर से जो यह मारकाट, अग्निदाह, लूटपाट, खून-खच्चर का बवंडर बह गया है, उसके भीतर भी क्या स्थित आ जा सकता है? सिर्फ रह सकता है शिरीष रह सका है । अपने देश का एक बूढ़ा रह सका था । क्यों मेरा मन पूछता है कि ऐसा क्यों संभव हुआ ? क्योंकि शिरीष अवधूत है शिरीष वायुमंडल से रस खींचकर इतना कोमल और इतना कठोर है गांधी भी वायुमंडल से रस खींचकर इतना कमल और इतना कठोर हो सका था मैं जब-जब शिरीष की ओर देखता हूं तब- तब हूक उठती है - हाय! वह अवधूत आज कहां है !

## पठित पद्यांश

निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -

**(1)**

मैं यौवन का उन्माद लिए फिरता हूं,

उन्मादों में अवसाद लिए फिरता हूं ,

जो मुझ को बाहर हंसा,रुलाती भीतर,

मैं, हाय, किसी की याद लिए फिरता हूं !

कर यत्न मिटे सब, सत्य किसी ने जाना ?

नादान वही है , हाय जहां पर दाना !

फिर मूढ़ ना क्या जग, जो इस पर भी सीखें ?

मैं सीख रहा हूं सीखा ज्ञान भुलाना

**(2)**

हो जाए न पथ में रात कहीं ,

मंजिल भी तो है दूर नहीं -

यह सोच थका दिन का पंथी जल्दी-जल्दी चलता है!

दिन जल्दी जल्दी ढलता है !

बच्चे प्रत्याशा में होंगे ,

नीडो से झांक रहे होंगे-

यह ध्यान परों में चिड़िया के भरता कितनी चंचलता है!

दिन जल्दी जल्दी ढलता है !

**(3)**

जन्म से ही वह अपने साथ लाते हैं कपास

पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास

जब दौड़ते हैं बेसुध

छतों को भी नरम बनाते हुए

दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए

जब वे पेंग भरते हुए चले आते हैं

ह डाल की तरह लचीले वेग से अक्सर

**(4)**

कविता एक खिलना है फूलों के बहाने

कविता का खिलना भला फूल क्या जाने

बाहर भीतर

इस घर उस घर बिना मुरझाए महकने के माने

फूल क्या जाने ?

**(5)**

सारी मुश्किल को धैर्य से समझे बिना

मैं पेंच को खोलने के बजाय

उसे बेतरह कसता चला जा रहा था

क्योंकि इस करतब पर मुझे साफ सुनाई दे रही थी

तमाशबीनों  की शाबाशी और वाह वाह !

आखिरकार वही हुआ जिसका मुझे डर था

जोर जबरदस्ती से बात की चूड़ी मर गई

और वह भाषा में बेकार घूमने लगी !

**(6)**

फिर हम पर्दे पर दिखलाएंगे

फूली हुई आंख की एक बड़ी तस्वीर

बहुत बड़ी तस्वीर

और उसके होठों पर एक कसमसाहट  थी

(आशा है आप उसे उसकी अपंगता की पीड़ा मानेंगे)

एक और कोशिश

दर्शक   धीरज रखिए

देखिए हमें दोनों एक संग रुलाने हैं !

**(7)**

जाने क्या रिश्ता है, जाने क्या नाता है

जितना भी उड़ेलता हूं भर-भर  फिर आता है

दिल में क्या झरना है?

मीठे पानी का सोता है

भीतर वह ऊपर  तुम

मुस्काता चांद जो धरती पर रात-भर

मुझ पर त्यों  तुम्हारा ही खिलता हुआ चेहरा है !

**(8)**

प्रात : नभ था बहुत नीला शंख जैसा

भोर  का नभ

राख़  से लीपा हुआ चौका

( अभी गीला पड़ा है )

बहुत काली सिल जरा से लाल  केसर से

कि जैसे घुल  गई हो

स्लेट  पर या लाल खड़िया चाक मल दी  हो किसी ने

## व्यावहारिक व्याकरण

1. भाषा शब्द संस्कृत के  ...........धातु से बना है ।

2. मनुष्यों की व्यक्त वर्णनात्मक वाणी............कहलाती है ।

3. भाषा के दो प्रकार........... एवं...... ........है ।

4. भाषा के स्थानीय रूप को .............कहा जाता है ।

5. भाषा की सबसे छोटी इकाई....... है ।

6. वर्णों के सार्थक समूह ................कहलाते है ।

7. वाक्य में प्रयुक्त विभक्ति युक्त शब्द ............... कहलाते है।

8. पूर्वी हिंदी में अवधी , बघेली और............ शामिल है ।

9. हिंदी को...............तिथि को  भारत की राजभाषा स्वीकार किया गया ।

10. भाषा के शुद्ध प्रयोग का ज्ञान जिससे होता है उसे ................कहते है ।

11. व्याकरण के................ अंग होते है ।

12. भाषा के मौखिक रूप को अंकित करने के लिए जो चिह्न  बने होते है उन्हें ..............कहते है ।

13. हिंदी भाषा.................. लिपि में लिखी जाती है ।

14. भारत की दो प्राचीन लिपियां.................. और................. है ।

15. देवनागरी लिपि का विकास............ लिपि से हुआ ।

16. जिस ध्वनि का उच्चारण श्वास  वायु के एक ही आघात से होता है उसे ....................कहते है ।

17. देवनागरी लिपि की सभी ध्वनिया दो प्रकार की है -

(i)                                        (ii)

18. भाषा की सामान्य रूप से ..........इकाइयां होती है ।

19. वर्तमान में भारत सरकार द्वारा कितनी क्षेत्रीय भाषाएं मान्य है ?

20. अंधे लोगों के लिए संकेत चिन्ह के रूप में लिखने पढ़ने के माध्यम को ..........लिपि कहते है।

21. नेपाली ...................लिपि में लिखी जाती है ।

22. हमारे मुख से निकलने वाली प्रत्येक आवाज ................कहलाती है ।

23. आचार्यों ने शब्द के ........................... प्रकार के माने हैं ।

24.. जिस शब्द से मुख्य अर्थ निकलता है उसे .................शब्द कहते है ।

25. शब्द की जिस शक्ति के द्वारा संकेतिक अर्थ का बोध होता है उसे ...................शब्द शक्ति करते है ।

26. वाचक शब्द.................. प्रकार के होते है ।

27. ' बिल्ली भाग रही है।' वाक्य में कौन सी शब्द शक्ति है ?

28. 'जयपुर राजस्थान की राजधानी है ।' इस वाक्य में कौन सी शब्द शक्ति निहित है ?

29."हिमालय पर चढ़ाई करना कठिन काम है।' इस वाक्य में निहित शब्द शक्ति बताइए।

30. "किसान फसल काट रहा है।" वाक्य में कौन सी शब्द शक्ति है।

31. "बड़े हरिश्चंद्र बनते हो ।"इस वाक्य में ................शब्द शक्ति है ?

32. " हम तो गंगा वासी हैं ।" इस वाक्य में ...............शब्द शक्ति निहित है ?

33. "यह यमुना पुत्रों का नगर है ।" वाक्य में निहित शब्द शक्ति बताइए ?

34. कुम्हार बोला, " बेटी !बादल हो रहे हैं ।वाक्य में निहित शब्द शक्ति बताइए ?

35. " बाजार में एक जादू है वह जादू आंख की राह से काम करता है ।" इस वाक्य में कौन सी शब्द शक्ति है ?

36. " हां, एक तुम ही तो अच्छे आदमी हो।" उपयुक्त वाक्य में कौन सी शब्द शक्ति है ?

37. जहां वर्णों की आवृत्ति होती है वहां ................. अलंकार होता है ?

38. तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहू छाये में कौन सा अलंकार है?

39. जहां कोई शब्द या शब्दांश बार-बार आए परंतु प्रत्येक बार भिन्न अर्थ हो वहां ...............अलंकार होता है ?

40. " तीन बेर खाती थी वे तीन बेर खाती है " में ............. अलंकार है ?

41. जब वाक्य में एक शब्द केवल एक बार आए और उस शब्द के दो या अधिक अर्थ निकले तब उस वाक्य में कौन सा अलंकार होता है ?

42. बलिहारी नृप कूप की गुण बिन बूंद न देहि वाक्य में ............... अलंकार है ?

43. उपमा के ........... अंग होते हैं ?

44.जहां उपमेय को उपमान के सदृश बताया जाए वहां ........... अलंकार होता है ?

44. जहां उपमेय पर उपमान का आरोपण किया जाए वहां ................ अलंकार निहित होता है ?

45. जहां उपमेय और उपमान में भेद होते हुए भी उपमेय में उपमान की संभावना प्रकट की जाए वहां ................अलंकार होता है ?

# अभिव्यक्ति एवं माध्यम

**अभिव्यक्ति एवं माध्यम पुस्तक पर आधारित विभिन्न माध्यमों के लिए लेखन पर आधारित लघूत्तरात्मक प्रश्न-**

1. जनसंचार का सबसे पुराना माध्यम क्या है ?जनसंचार के अंतर्गत क्या-क्या माध्यम आते हैं ?

2. मुद्रित माध्यम की प्रमुख विशेषताएं क्या है ?

3. रेडियो के विषय में आप क्या जानते हैं ?

4. टीवी में सूचनाओं के कितने चरण होते हैं?

5. इंटरनेट क्या है ?

6. इंटरनेट पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं ?

7. भारत में इंटरनेट पत्रकारिता का प्रारंभ किस प्रकार हुआ ?संक्षेप में लिखिए।

8. निम्नलिखित जनसंचार माध्यमों से संबंधित किन्हीं दो कि पांच-पांच विशेषताएं लिखिए -

(क) प्रिंट माध्यम (ख) रेडियो ( ग) टेलीविजन (घ ) इंटरनेट

9. टेलीविजन के लिए समाचार लिखते समय कितनी आवाजों या ध्वनियों का ध्यान रखना आवश्यक है ?

10. श्रोताओं अथवा पाठकों को बांधकर रखने की दृष्टि से प्रिंट माध्यम, रेडियो और टेलीविजन में सबसे सशक्त माध्यम कौन सा है ?

11. एंकर बाइट किसे कहते हैं ?

12. ' ब्रेकिंग न्यूज़' से क्या आशय है ?

13. 'क्लाइमेक्स' किसे कहते हैं ?

14. नई पीढ़ी में इंटरनेट के अधिक लोकप्रिय होने के क्या कारण है ?

15. अखबार में समाचार किस शैली में लिखे जाते हैं ?

16. टेलीविजन का वर्णन करें।

17. स्तंभ लेखन क्या है ?

18. टीवी खबरों के विभिन्न चरण बताइए।

19. संपादन का अर्थ बताते हुए उसके सिद्धांत बताइए।

20. संपादकीय लेखन क्या है ?

## फीचर

1. फीचर क्या है? इसे स्पष्ट करते हुए फीचर एवं समाचार में कोई तीन अंतर बताइए ।

2. 'भारत में किसानों की दुरवस्था' विषय पर एक फीचर तैयार कीजिए ।

3. राष्ट्र के विकास में 'काले धन का उपयोग' विषय पर एक फीचर लिखिए।

4. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर फीचर लिखिए ।

(क) जंक फूड की बढ़ती घुसपैठ ( ख ) कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और विकासशील देश ( ग) राष्ट्रीय पुरस्कारों में राजनीति

5. 'घरेलू हिंसा और महिलाएं' विषय पर एक फीचर तैयार कीजिए।

6. 'मेरे स्कूल का पुस्तकालय' अथवा 'मेरे शहर में प्रदूषण' विषय पर एक फीचर लिखिए।

7. 'आज की तनावपूर्ण जीवनशैली' पर एक फीचर लिखिए ।

8. 'कृषकों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति' अथवा' किसानों पर बढ़ता कर्ज का बोझ' पर एक फीचर लिखिए ।

9. 'शिक्षा का निजीकरण और महंगी शिक्षा' पर एक फीचर लिखिए ।

10. 'लोकतंत्र का मंदिर हमारी संसद' इस विषय पर एक फीचर लिखिए ।

11. 'जाति का विष' विषय पर एक फीचर तैयार कीजिए।

12. 'युवा पीढ़ी के घटते संस्कार' अथवा 'पांव पसारता आतंकवाद' पर एक फीचर तैयार कीजिए ।

13. 'शैक्षणिक भ्रमण' विषय पर एक फीचर प्रस्तुत कीजिए।

14. निम्न में से किसी एक विषय पर फीचर लेखन कीजिए (1) मोबाइल केंद्रित जीवन (2) शहर में बढ़ता प्रदूषण

## आलेख

1. निशुल्क कन्या शिक्षा के परिणाम विषय पर एक आलेख तैयार कीजिए।

2. एकल परिवार विषय पर एक आलेख तैयार कीजिए।

3. युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति विषय पर एक आलेख तैयार कीजिए।

4. देश के लोकतंत्र की रक्षा कैसे की जा सकती है युवा पीढ़ी का इसमें क्या योगदान है इन बिंदुओं के आधार पर एक आलेख तैयार कीजिए ।

5. भारतीय जीवन शैली में व्याप्त भ्रष्टाचार की स्थिति पर एक आलेख तैयार कीजिए ।

6. देश में रोजगार की स्थिति पर एक आलेख तैयार कीजिए ।

7. मोबाइल फोन वरदान या अभिशाप विषय पर एक आलेख तैयार कीजिए ।

8. खाद्य पदार्थों में मिलावट विषय पर एक आलेख लिखिए ।

9. अंतरिक्ष पर भारत का दबदबा विषय पर एक आलेख लिखिए।

10. उपेक्षित वृद्धावस्था विषय पर एक आलेख लिखिए।

11. शिक्षा के मौलिक अधिकार बनाने के परिणाम विषय पर एक आलेख लिखिए ।

12. टीवी विज्ञापन और उनका प्रभाव विषय पर एक आलेख लिखिए ।

13. परीक्षा के दिन विषय पर आलेख तैयार कीजिए।

14. रोजगार उन्मुखी शिक्षा की आवश्यकता विषय पर एक आलेख लिखिए।

## रचनात्मक लेखन

## पत्र एवं प्रारूप लेखन

### (1)अर्द्ध शासकीय पत्र

(1). जिला कलेक्टर, उदयपुर की ओर से राजस्व सचिव, राजस्थान सरकार को स्वच्छता अभियान हेतु बजट स्वीकृति जारी करने हेतु अर्द्ध शासकीय पत्र लिखिए ।

(2) पेयजल की आपूर्ति के संबंध में विशिष्ट शासन सचिव की ओर से अजमेर मंडल आयुक्त को एक अर्द्ध सरकारी पत्र लिखिए, जिसमें पूर्ण विवरण भेजने के लिए निर्देश हो।

(3) उच्च माध्यमिक शिक्षा में नियुक्त मंत्रालयी  कर्मचारियों की योग्यता संबंधी पूर्तियाँ प्राप्त करने के लिए निदेशक को एक  अर्द्ध सरकारी पत्र लिखिए।

(4) अपने जिले में आई बाढ़ की सूचना को लेकर सामान्य प्रशासन,शासन सचिवालय, जयपुर को एक  अर्द्ध शासकीय पत्र लिखिए ।

(5) प्रमुख शासन सचिव, राजस्थान की ओर से नगरीय विकास विभाग के निदेशक को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं मल-जल निकासी के संबंध में एक अर्द्ध सरकारी पत्र लिखिए।

(6) राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा उत्तर-प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष को बैठक आयोजित करने के लिए एक अर्द्ध सरकारी पत्र लिखिए।

(7) स्वयं को शासन सचिव, शिक्षा विभाग ,रवि कुमार मानते हुए राज्य के समस्त संस्था प्रधानों को 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा'की सुनिश्चिता हेतु एक अर्द्ध शासकीय पत्र लिखिए ।

(8) सचिव माध्यमिक शिक्षा बोर्ड , राजस्थान अजमेर की ओर से पुलिस महानिदेशक,राजस्थान जयपुर को एक अर्द्ध शासकीय पत्र लिखिए, जिसमें बोर्ड परीक्षा के प्रत्येक केंद्र को पुलिस सुरक्षा देने का आग्रह हो।

## (2) निविदा

(1) सचिव, राजस्थान पाठ्य पुस्तक मंडल की ओर से एक निविदा सूचना का प्रारूप तैयार कीजिए जिसमें  फर्नीचर एवं स्टेशनरी क्रय करने का विवरण  हो ।

(2)  कार्यालय सदस्य सचिव,राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी बूंदी, की ओर से आवश्यक मशीन-उपकरण खरीदने हेतु एक निविदा सूचना लिखिए।

(3) अधिशासी अभियंता,सूरतगढ़ विद्युत परियोजना की ओर से सामग्री क्रय संबंधी  मोहर बंद निविदाएं आमंत्रित करने का निविदा सूचना पत्र तैयार कीजिए ।

(4) अध्यक्ष, नगरपालिका पिलानी (झुंझुनू) की ओर से नगर में सड़क निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा-आमंत्रण हेतु एक पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए ।

(5) अधिशासी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर  वृत्त जयपुर की ओर से निविदा शुद्धि का एक प्रारूप तैयार कीजिए ।

(6) प्रबंधक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम,जयपुर की ओर से पंजीकृत ठेकेदारों से बस स्टेशन चोमू एवं दौसा के विस्तारीकरण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण प्रारूप लिखिए ।

(7) उप रजिस्ट्रार,सहकारी समितियां ,सवाई माधोपुर द्वारा एक संशोधित निविदा सूचना का प्रारूप तैयार कीजिए ।

(8) भारत  सीमा सुरक्षा बल की ओर से राशन,तेल आदि का सरकारी भंडारों से ढुलान  हेतु निविदा आमंत्रण का प्रारूप तैयार कीजिए।

## (3) विज्ञप्ति

(1) नगर निगम उदयपुर की ओर से एक विज्ञप्ति का प्रारूप तैयार कीजिए,जिसमें नगर पालिका क्षेत्र में घूमने वाले आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की गई हो ।

(2) राजस्थान विश्वविद्यालय,जयपुर की ओर से एक विज्ञप्ति प्रारूप तैयार कीजिए जिसमें परीक्षाओं की तारीख परिवर्तित करने की सूचना दी गई हो।

( 3) माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर के सचिव की ओर से एक प्रेस विज्ञप्ति का प्रारूप तैयार कीजिए,जिसमें बोर्ड द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का विक्रय करने के लिए पुस्तक विक्रेताओं द्वारा पंजीकरण करवाना आवश्यक किया गया है ।

( 4) अल्प बचत निदेशालय,राजस्थान सरकार की ओर से नि :शुल्क उपहार कूपन योजना के पुरस्कारों के संबंध में विज्ञप्ति का प्रारूप तैयार कीजिए।

(5) पंजाब नेशनल बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर की ओर से कार्यालय स्थान-परिवर्तन की आम-सूचना संबंधी एक विज्ञप्ति प्रारूप लिखिए ।

(6) राजस्थान डेयरी संस्थान द्वारा दुग्ध-संकलन केंद्र संचालन हेतु एक विज्ञप्ति का प्रारूप लिखिए ।

(7) जिला समाज कल्याण विभाग, जयपुर द्वारा दिव्यांग पेंशन, किसान पेंशन अथवा एवं विधवा/परित्यक्ता पेंशन हेतु आयोजित शिविर की विज्ञप्ति का प्रारूप तैयार कीजिए ।

## (4) ज्ञापन

(1) अपनी ग्राम पंचायत के सचिव की ओर से अपने जिला कलेक्टर को गांव में फैली मौसमी बीमारियों , यथा मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया के उपचारार्थ चिकित्सकों की टीम भेजने हेतु कार्यालय-पत्र लिखिए ।

(2) भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय की ओर से श्री रामकृष्ण वर्मा के लिपिक पद पर नियुक्ति के संदर्भ में एक ज्ञापन प्रस्तुत कीजिए ।

(3) मोहल्ला विकास समिति के अध्यक्ष के नाते जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर अपनी नवनिर्मित बस्ती के नियमितीकरण करने की व्यवस्था, 'प्रशासन शहरों के संग' जैसे आयोजन किए जाने की तिथि निश्चित करने के लिए अनुरोध किया जावे ।
(4) संस्था प्रधान की ओर से पुलिस अधीक्षक, यातायात को एक उचित प्रारूप में पत्र लिखिए जिसमें अपने विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के लिए लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाने का अनुरोध किया हो।

## (4) अधिसूचना

(1) मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार,शासन सचिवालय की ओर से सभी सरकारी विभागों के आदेश राजभाषा हिंदी में प्रकाशित करने से संबंधित अधिसूचना का रूप लिखिए ।

(2) सचिव, पंचायती राज विभाग ,शासन सचिवालय जयपुर की ओर से पृथ्वीराज कॉलोनी की कृषि भूमि को शहरी भूमि में परिवर्तित करने की अधिसूचना का प्रारूप लिखिए ।

(3) राजस्थान सरकार की ओर से खादी ग्रामोद्योग हेतु एक अधिसूचना जारी कीजिए।

(4) राजस्थान  सरकार राज्य में  हैंडलूम को बढ़ावा देने के लिए कुछ छोटे कारखाने खोलना चाहती है इस संबंध में उप सचिव, उद्योग विभाग की ओर से एक अधिसूचना का प्रारूप लिखिए ।

(5) राजस्थान विश्वविद्यालय कोटा द्वारा  दीक्षांत समारोह के आयोजन की  एक अधिसूचना का प्रारूप तैयार कीजिए ।

(6) जिला निर्वाचन अधिकारी, अजमेर द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने एवं नामावली सुधार को लेकर अधिसूचना का एक प्रारूप तैयार कीजिए ।

## निबंध लेखन

1. स्वच्छ  भारत: स्वस्थ भारत
2. योग : स्वास्थ्य की कुंजी
3. शिक्षा का अधिकार अधिनियम
4. कटते जंगल : घटता  मंगल
5. पर्यावरण संरक्षण और युवा
6. कोरोनावायरस : 21वीं सदी की महामारी
7. कोरोनावायरस महामारी के सामाजिक आर्थिक प्रभाव
8. मेक इन इंडिया अथवा स्वदेशी उद्योग
9. आत्मनिर्भर भारत
10. स्वास्थ्य रक्षा : आयुष्मान योजना
11. कैशलेस अर्थव्यवस्था : चुनौतीपूर्ण सकारात्मक कदम
12. स्वच्छता का महत्व
13. भारतीय संस्कृति का अनुपम उपहार योग
14. नई शिक्षा नीति 2020

# अपठित गद्यांश

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :-

## (1)

मानव जीवन का सर्वतोमुखी  विकास ही शिक्षा का उद्देश्य है। मनुष्य के व्यक्तित्व में अनेक प्रकार की शक्तियां अंतर्निहित रहती है, शिक्षा इन्हीं शक्तियों का उद्घाटन करती है। मानवीय व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करने का कार्य शिक्षा द्वारा ही संपन्न होता है। सृष्टि के प्रारंभ से लेकर आज तक मानव ने जो प्रगति की है उसका सर्वाधिक श्रेय मनुष्य की ज्ञान चेतना को ही दिया जा सकता है। मनुष्य में ज्ञान चेतना का उदय शिक्षा द्वारा ही होता है। बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन पशु तुल्य होता है। शिक्षा ही अज्ञान रूपी अंधकार से मुक्ति दिला कर ज्ञान का दिव्य आलोक प्रदान करती है। विद्या मनुष्य को अज्ञान के बंधन से मुक्त करती है।

प्रश्न  1 शिक्षा का उद्देश्य क्या है ?

(अ) ज्ञान देना   (ब ) जीवन जीना सीखना  (स ) परीक्षा पास  कराना  (द ) जीवन का सर्वतोमुखी विकास करना

प्रश्न  2 मानव की प्रगति का श्रेय किसे दिया जा सकता है ?

(अ) शिक्षा  को (ब )भक्ति को  (स )   भगवान को  (द )  शक्ति को

प्रश्न  3 शिक्षा के द्वारा किसका उदय होता है ?

(अ)   स्नेह का  (ब )   ज्ञान  -चेतना का  (स )विकारों का  (द ) घृणा का

प्रश्न 4 शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन किसके समान है ?

(अ) पशु समान (ब ) राक्षस समान  (स ) भगवान समान  (द )  देवता समान

प्रश्न 5 उदय शब्द का विलोम बताइए ।

(अ) उगना (ब ) जागना (स )उठना (द ) अस्त

प्रश्न 6 मानवीय  शब्द में प्रत्यय बताइए ।

(अ)अ     (ब)  ईय     (स )   इक     (द )   वीय

## (2)

समय वह संपत्ति है जो प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर की ओर से मिली है। जो लोग इस धन को संचित रीती से बरतते हैं वह शारीरिक सुख तथा आत्मिक आनंद प्राप्त करते है। इसी समय-संपत्ति के सदुपयोग से एक जंगली मनुष्य देवता स्वरूप बन जाता है। इसी के द्वारा मूर्ख-विद्वान, निर्धन-धनवान और अनुभवी बन सकता है। संतोष, हर्ष, या सुख तब तक मनुष्य को प्राप्त नहीं होता जब तक की वह उचित तरीके से समय का सदुपयोग नहीं करता है। समय निस्संदेह

एक रत्न राशि है, जो कोई इसे अपरिमित और अंधाधुंध व्यय करता है वह दिन -दिन अकिंचन, रिक्त हस्त और दरिद्र होता है। सच तो यह है कि समय का सदुपयोग करना आत्मोन्नति तथा उसे नष्ट करना एक प्रकार की आत्महत्या है।

प्रश्न 1 निर्धन व्यक्ति धनवान कैसे बन सकता है।

(a) समय के सदुपयोग से (b) समय के दुरुपयोग से (c )समय को नष्ट करके (d) समय पर काम पूरा ना करके

प्रश्न 2 समय का सदुपयोग करने वाले व्यक्ति आसानी से क्या प्राप्त कर सकता है ?

(a) हर्ष (b) संतोष (c ) सुख (d) उपरोक्त सभी

प्रश्न 3 समय रूपी संपत्ति मनुष्य को किस से मिली है ?

(a) ईश्वर से (b) दान से (c ) भाग्य से (d) ऋषियों से

प्रश्न 4 समय को अपरिमित रूप से व्यय करने वाले की हालत कैसी होती है ?

(a) अमीरों जैसी (b) गुलामों जैसी (c ) दरिद्र (d) जैसी मालिक जैसी

प्रश्न 5 शारीरिक शब्द में प्रत्यय है -

(a ) शरीर (b) रिक (c ) इक क (d) क

प्रश्न 6 इस गद्यांश का उचित शीर्षक है -

(a) आत्मा उन्नति (b ) समय का सदुपयोग (c ) समय-संपत्ति (d) ईश्वर की देन

## (3)

जिंदगी के असली मजे उनके लिए नहीं है, जो फूल की छाँह के नीचे खेलते और सोते हैं; बल्कि फूलों की छाँह के नीचे अगर जीवन का कोई स्वाद छिपा है, तो वह भी उन्हीं के लिए है जो दूर रेगिस्तान से आ रहे है ।जिनका कंठ सुखा हुआ ओंठ फटे हुए और सारा बदन पसीने से तर है। पानी में जो अमृत वाला तत्व है उसे वह जानता है जो धूप में सूख चुका है, वह नहीं जो रेगिस्तान में कभी पड़ा ही नहीं है। सुख देने वाला वाली चीजें पहले भी थी और अब भी है, फर्क यह है कि जो सुखों का मूल्य पहले चुकाते हैं और उनके मजे बाद में लेते हैं, उन्हें स्वाद अधिक मिलता है ।जिन्हें आराम आसानी से मिल जाता है, उनके लिए आराम ही मौत है। जो लोग पाव भीगने के खौफ से पानी से बचते है, समुद्र में डूब जाने का खतरा उन्हीं के लिए है लहरों में तैरने का जिन्हें अभ्यास है, वह मोती लेकर बाहर आएंगे।

प्रश्न 1 फूलों की छांव के नीचे खेलने और सोने का क्या तात्पर्य है ?

(a) कष्टकारी जीवन (b) नीरस जीवन (c ) सुखी जीवन (d) दुखी जीवन

प्रश्न 2 रेगिस्तान में यात्रा करने से क्या होता है?

(a) आनंद आता है (b) कष्ट उठाना पड़ता है (c ) रोमांच होता है (d) कुछ नहीं होता

प्रश्न 3 जिंदगी का मजा कौन उठा सकता है ?

(a) आराम पसंद लोग (b) अनपढ़ लोग ( c ) मेहनती लोग (d) आलसी लोग

प्रश्न 4 समुद्र से मोती कौन निकाल सकते हैं ?

(a) जो पानी से बचते रहते है (b) जो समुद्र किनारे रहते है (c )जो लहरों में तैरते है (d) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 5 पानी के अमृत तत्व को कौन जान पाता है ?

(a) जो आनंद में जीता है (b) जो कष्ट नहीं उठाता है (c ) जो धूप में सूख चुका है (d) जो मर गया है

प्रश्न 6 खौफ शब्द का अर्थ है -

(a) भय (b) रोमांच (c ) सुख (d) पुलक

## (4)

संसार में अमरता ऐसे ही लोगों से मिलती है जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं। बहुधा देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति संपन्न परिवार में बहुत कम पैदा होते हैं।अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग के घरों में या गरीब परिवारों में ही होता है। इस तरह उनका पालन पोषण साधारण परिवार में होता है और वह सादा जीवन बिताने के आदी हो जाते हैं। मनुष्य में विनय, उदारता, सहिष्णुता और साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है। इन गुणों का प्रभाव उसके जीवन पर पड़ता है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन और सरल बनाते हैं। सादगी का विचारों से घनिष्ठ संबंध है। सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं। उसे विवेकशील बनाते हैं।

(i) संसार में अमर कौन हो पाते हैं ?

(a) जो धन छोड़ जाए

(b) जो आदर्श छोड़ जाए

(c) जो बुरा काम कर जाए

(d) जो जमीन छोड़ जाए

(ii) अमरता पाने वालों का जन्म कैसे परिवार में होता है ?

(a) गरीब परिवार में

(b) अमीर परिवार में

(c) संयुक्त परिवार में

(d) छोटे परिवार में

(iii) अमरता पाने वालों को कैसा जीवन बिताने का की आदत होती है?

(a) साधारण जीवन

(b) सदा जीवन

(c) दिखावटी जीवन

(d) सरल जीवन

(iv) व्यक्ति की सच्ची पहचान किससे होती है?

(a) विचारों और करनी से

(b) उसकी संपत्ति से

(c) उसके वस्त्रों से

(d) उसकी बोली से

(v) अच्छे चारित्रिक गुण व्यक्ति के जीवन को कैसा बनाते हैं ?

(a) कठिन

(b) अजेय

(c) सरल

(d) खतरनाक

रिक्त स्थान भरिए :-

(vi) सादा जीवन ...................विचार

(a) नीच

(b) कु

(c) बिना

(d) उच्च

# अपठित पद्यांश

## (1)

चारु चंद्र की चंचल किरणें खेल रही है, जल थल में ।

स्वच्छ चांदनी बिछी हुई है, अवनि और अंबर तल में ।

पुलक प्रकट करती है धरती हरित तृणों की नोकों से ।

मानो झूम रहे है, तरु भी मंद पवन के झोंके से ।

पंचवटी की छाया में है ,सुंदर पर्ण कुटीर बना ।

उसके सम्मुख स्वच्छ शिला पर, धीर वीर निर्भीक मना ।

जाग रहा यह कौन धनुर्धर, जबकि भुवन भर सोता है ।

भोगी कुसुमायुध योगी -सा, बना दृष्टिगत होता है ।

किस व्रत में है व्रती वीर यह, निद्रा का यो त्याग किए ।

राजभोग के योग्य विपिन में, बैठा आज विराग लिए ।

बना हुआ है प्रहरी जिसका, उस कुटीर में क्या धन है ।

जिसकी रक्षा में रत इनका तन, मन है, जीवन है ।

मर्त्यलोक मालिन्य मेटने स्वामी संग जो आई है ।

तीन लोग की लक्ष्मी ने यह, कुटी आज अपनाई है ।

प्रश्न 1 वन कुटीर कहां बना हुआ है-

(a) पंचवटी की छाया में (b) पेड़ के ऊपर (c ) जंगल में (d) नदी किनारे

प्रश्न 2 कुटीर के सामने शीला पर बैठा कौन जाग रहा है ?

(a) राम (b) लक्ष्मण (c ) भरत (d) हनुमान

प्रश्न 3 तीन लोक की लक्ष्मी किसके लिए कहा गया है?

(a) लक्ष्मी के लिए (b) सीता के लिए (c ) पार्वती के लिए (d) उर्मिला के लिए

प्रश्न 4 धरती हरित तृणों की नोकों से क्या प्रकट कर रही है ?

(a) प्रसन्नता (b) दीनता (c ) दुख (d) वैराग्य

प्रश्न 5 "चारु चंद्र की चंचल किरणें" में कौन सा अलंकार है ?

(a) उपमा

(b) उत्प्रेक्षा

(c) विरोधाभास

(d) अनुप्रास

प्रश्न 6 विपिन शब्द का अर्थ है -

(a) पेड़

(b) जंगल

(c) कुटिया

(d) लक्ष्मण

**(2)**

नीड़ का निर्माण फिर-फिर, नेह का आह्वान फिर-फिर
वह उठी आंधी की नभ में छा गया सहसा अंधेरा
धूलि धूसर बादलों ने भूमि को इस भांति घेरा
रात सा दिन हो गया फिर, रात आई और काली
लग रहा था अब ना होगा, इस निशा का फिर सवेरा
रात के उत्पात भय से भीत जन जन, भीत कण-कण
किंतु प्राची से उषा की मोहिनी मुस्कान फिर-फिर
नीड का निर्माण फिर-फिर नेहा का आह्वान फिर-फिर

प्रश्न 1' नीड़ का निर्माण फिर-फिर' में कवि किसकाआह्वान कर रहा है ?

(a) विनाश का (b) सृष्टि (c ) तूफान का (d) अंधेरे का

प्रश्न 2 बार-बार घोंसला बनाने की इच्छा से मनुष्य की किस भावना का पता चलता है
(a)संघर्ष का

(b)अधीनता का

(c )हार मानने का

(d) पलायन का

प्रश्न 3 आकाश में आंधी छा जाने का क्या परिणाम हुआ ?

(a) उजाला फैल गया

(b) सब तरफ फैल गई

(c) अंधेरा हो गया

(d) रात दिन सी हो गई

प्रश्न4 प्राची शब्द का अर्थ है-

(a) पूर्व दिशा

(b) पश्चिम दिशा

(c) उत्तर दिशा

(d) दक्षिण दिशा

प्रश्न 5 निशा का विलोम है-

(a) विवाह (b) आशा (c ) सुबह (d) निराशा

प्रश्न 6 'नीड़ का निर्माण फिर- फिर' पद में कौन-सा अलंकार है ?

(a) रूपक

(b) उत्प्रेक्षा

(c) यमक

(d) अनुप्रास

**(3)**

विचार लो कि मर्त्य  हो, न मृत्यु से डरो कभी

मरो, परंतु या मरो की याद तो करें सभी ।

हुई ना हो यो सूमृत्यु तो व्रथा मरे वृथा जिए

मरा नहीं वही की जो जिया न आपके लिए

यही पशु प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे ,

वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।

उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती ,

उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती ।

उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती

तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती

अखंड आत्मभाव जो असीम विश्व में भरें

वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

प्रश्न 1 सुमृत्यु  का तात्पर्य है-

(a) शुभ दिन में मृत्यु

(b) भगवान को याद करते हुए मृत्यु

(c) बिना डरे मृत्यु

(d)  सब याद करे ऐसी मृत्यु

प्रश्न 2 पशु प्रवृत्ति किसे कहा गया है

(a)  स्वार्थ  पूर्ति करना

(b)  परोपकार करना

(c) झुंड में रहना

(d) हिंसा करना

प्रश्न 3  सरस्वती किसकी कथा का बखान करती है ?

(a) उधार की

(b) कंजूस की

(c) स्वार्थी की

(d) दरिद्र की

प्रश्न 4 कवि ने किस प्रकार के मनुष्य को मनुष्यता के लक्षणों से परे माना है ?

(a) परोपकारी

(b) दयालु

(c) स्वार्थी

(d) स्नेही

प्रश्न 5 'उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती' पंक्ति में अलंकार है -

(a) उत्प्रेक्षा

(b) रूपक

(c) उदाहरण

(d) अनुप्रास

प्रश्न 6 मर्त्य शब्द का अर्थ है -

(a) मरण सील

(b) संसार

(c) मूर्त

(d) मगर

**(4)**

लोहे के पेड़ हरे होंगे, तो गान प्रेम का गाता चल,

नम होगी यह मिट्टी जरूर आंसू के कण बरसाता चल ।

सिसकियों और चीत्कारों से जितना भी हो आकाश भरा,

कंकालों का हो ढेर, खप्परों से चाहे हो पटी धरा

आशा के स्वर का भाव, पवन को लेकिन लेना ही होगा ।
जीवित सपनों के लिए मार्ग, मुर्दों को देना ही होगा
रंगो के घट उड़ेल, यह अँधियाली रंग जाएगी ।
उषा को सत्य बनाने को, जावक नभ पर छितराता चल ।
आदर्शों से आदर्श भिड़े, प्रजा प्रज्ञा पर टूट रही
प्रतिमा प्रतिमा से लड़ती है, धरती की किस्मत फूट रही ।
आवर्तों का यह विषम जाल, निरुपाय बुद्धि चकराती है
विज्ञान-यान पर चढ़ी हुई सभ्यता डूबने जाती है ।
जब जब मस्तक जयी होता, संसार ज्ञान से चलता है
शीतलता की है राह ह्रदय, तू यह संवाद सुनाता चल ।

प्रश्न 1 लोहे के पेड़ किसके प्रतीक है ?

(a) नकली पेड़

(b) मशीनें

(c) संस्कृति

(d) विज्ञान

प्रश्न 2 'नम होगी यह मिट्टी जरूर' कह कर कवि किस की ओर संकेत कर रहा है?

(a) प्रेम के बल पर शुष्क ह्रदय में भाव भरे जा सकते हैं

(b) सूखी मिट्टी वर्षा आने पर नम हो जाएगी

(c) सुखी आँखे फिर आंसुओं से नम हो जाएगी

(d) इतने आंसू बहाए कि मिट्टी गीली हो जाए

प्रश्न 3 दुख और निराशा के वातावरण में मनुष्य का क्या कर्तव्य होना चाहिए?

(a) सपने देखे

(b) आशा का संचार करें

(c) मिट्टी नम करें

(d) विज्ञान  यान पर सवार हो

प्रश्न 4 विज्ञान यान में कौन सा अलंकार है ?

(a) रूपक

(b)  उपमा

(c)  यमक

(d)  श्लेष

प्रश्न 5 संसार में आशा के स्वर फैलाने का कार्यभार कौन उठाएगा ?

(a) पवन

(b) आग

(c)  धरती

(d)  जल

प्रश्न 6′ जावक′  का अर्थ है-

(a) कुसुम

(b) जावित्री

(c)  मेहंदी

(d)  रंग

**(5)**

मन मोहिनी प्रकृति की जो गोद में बसा है

सुख स्वर्ग-सा जहां है, वह देश कौन-सा है ?

जिसका चरण निरंतर रत्नेश धो रहा है ,

जिसका मुकुट हिमालय वह देश कौन-सा है ?

नदियां जहां सुधा की धारा बहा रही है,

सींचा  हुआ सलोना, वह देश कौन-सा है?

जिसके बड़े रसीले फल ,कंद, नाज मेवे ;

सब अंग में सजे हैं, वह देश कौन-सा है?

जिसमें सुगंध वाले, सुंदर प्रसून प्यारे,

दिन-रात हंस रहे हैं,वह देश कौन-सा है ?

मैदान गिरी वनों में, हरियालियाँ लहकती

आनंदमय जहां है, वह देश कौन-सा है ?

जिसकी अनंत धन से धरती  भरी पड़ी है ,

संसार का शिरोमणि ,वह देश कौन-सा है ?

प्रश्न 1 भारत का मुकुट किसे कहा गया है?

(a)  हिमालय

(b)  सतपुड़ा

(c)  विंध्याचल

(d)  अरावली

प्रश्न 2 प्रस्तुत पद्यांश में किसकी विशेषता बताई गई है ?

(a) भारत भूमि की

(b) हिमालय की

(c) समुद्र की

(d)  प्रकृति की

प्रश्न 3 भारत माता के चरण कौन धो रहा है ?

(a) हिमालय पर्वत

(b) नदियां

(c)  मैदान

(d) समुद्र

प्रश्न 4 भारतवर्ष की नदियां किस की धारा बहा रही  है ?

(a) दूध की

(b) दही

(c) सुधा की

(d) तेल की

प्रश्न 5 प्रसून शब्द का अर्थ है -

(a) नयन

(b) फूल

(c)  पराग

(d)  हीरा

प्रश्न 6 रत्नेश  शब्द का पर्यायवाची है -

(a) हीरा

(b) चांदी

(c) समुद्र

(d) पर्वत

**(6)**

धर्मराज ! यह भूमि किसी  की नहीं  क्रीत  है दासी ।

है जन्मना समान परस्पर, इसके सभी निवासी ।

है सबको अधिकार मृतिका पोषण -रस पीने का ।

विविध अभावों  से अशंक  होकर जग में जीने का ।

सबको मुक्त प्रकाश चाहिए, सबको मुक्त समीरण ,

बाधारहित विकास, मुक्त आशंकाओं से जीवन ।

उदभिज नभ  चाहते सभी नर, मुक्त गगन में ,

अपना चरम विकास ढूंढना, किसी प्रकार भुवन  में ।

न्यायोचित सुख सुलभ नहीं, जब तक मानव-मानव को ,

चैन कहां धरती पर तब तक, शांति कहां इस भव को ।

जब तक  मनुज  मनुज का यह, सुख भाग नहीं सम होगा ;

शमित न  होगा कोलाहल, संघर्ष नहीं कम होगा ।

ब्रह्मा से कुछ लिखा भाग्य में, मनुज नहीं लाया है ,

अपना सुख उसने अपने, भुजबल से ही पाया है ।

(i)  प्रस्तुत  गद्यांश में किसको संबोधित किया गया है ?

(a) युधिष्ठिर को

(b) श्रीकृष्ण को

(c) इंद्रदेव को

(d) कर्ण को

(ii) मनुष्य ने अपना सुख कैसे प्राप्त किया है?

(a) छीन कर

(b) दान में

(c ) परिश्रम से

(d)हिंसा से

(iii) धरती का पोषक रस पीने का अधिकारी कौन है ?

(a) मानव

(b)जानवर

(c ) पेड़ पौधे

(d ) उपरोक्त सभी

(iv) क्रीत शब्द का अर्थ है-

(a)   क्रय किया हुआ

(b)   विक्रय किया हुआ

(c ) छीना हुआ

(d ) फेंका हुआ

(v) "न्यायोचित सुख सुलभ नहीं " में अलंकार है-

(a) अनुप्रास

(b) उपमा

(c) उत्प्रेक्षा

(d) उपरोक्त सभी

(vi) प्रस्तुत पद्यांश की भाषा है-

(a) खड़ी बोली हिंदी (b)अवधि (c ) उर्दू (d) ब्रज

## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर

## मॉडल प्रश्न पत्र-एक

## उच्च माध्यमिक परीक्षा 2022 (निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार)

## विषय हिंदी(अनिवार्य)

## कक्षा 12

**समय 2 घंटे 45 मिनट** **पूर्णांक 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :-

1.परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2.सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3.प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें ।

4. जिन प्रश्नों में आंतरिक खंड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

### खंड (अ )

**बहुविकल्पी प्रश्न**

1.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :-

संसार में अमरता ऐसे ही लोगों से मिलती है, जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं। बहुधा देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति संपन्न परिवार में बहुत कम पैदा होते हैं। अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग के घरों में या गरीब परिवारों में ही होता है। इस तरह उनका पालन-पोषण साधारण परिवार में होता है और वह सादा जीवन बिताने के आदी हो जाते हैं। मनुष्य में विनय, उदारता, सहिष्णुता और साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है । इन गुणों का प्रभाव उसके जीवन पर पड़ता है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन और सरल बनाते हैं । सादगी का विचारों से घनिष्ठ संबंध है। सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं। उसे विवेकशील बनाते हैं ।

(i)संसार में अमर कौन हो पाते हैं ?

(a)जो धन छोड़ जाए

(b)जो आदर्श छोड़  जाए

(c)जो बुरा काम कर जाए

(d) जो जमीन छोड़ जाए ( )

(ii)अधिकांशतः अमरता पाने  वाले लोगों का जन्म  किस प्रकार के परिवार में होता है ?

(a)गरीब परिवार में

(b) अमीर परिवार में

(c)संयुक्त परिवार में

(d) छोटे परिवार में ( )

(iii)अमरता पाने वालों को कैसा जीवन बिताने  की आदत नहीं  होती है?

(a) साधारण जीवन

(b)सादा  जीवन

(c)दिखावटी जीवन

(d) सरल जीवन ( )

(iv)व्यक्ति की सच्ची पहचान किससे होती है?

(a) विचारों और करनी से

(b) उसकी संपत्ति से

(c) उसके वस्त्रों से

(d)उसकी बोली से ( )

(v) अच्छे चारित्रिक गुण व्यक्ति के जीवन को कैसा  बनाते हैं ?

(a)कठिन

(b)अजेय

(c) सरल

(d) खतरनाक ( )

रिक्त स्थान भरिए :-

(vi) सादा जीवन ………………..विचार

(a)नीच

(b)कु

(c) बिना

(d)उच्च ( )

प्रश्न 2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :-

धर्मराज ! यह भूमि किसी की नहीं क्रीत है दासी ।

है जन्मना समान परस्पर, इसके सभी निवासी ।

है सबको अधिकार मृतिका पोषण -रस पीने का ।

विविध अभावों से अशंक होकर जग में जीने का ।

सबको मुक्त प्रकाश चाहिए ,सबको मुक्त समीरण ,

बाधारहित विकास, मुक्त आशंकाओं से जीवन ।

उद्भिज नभ चाहते सभी नर, मुक्त गगन में ,

अपना चरम विकास ढूँढना , किसी प्रकार भुवन में ।

न्यायोचित सुख सुलभ नहीं, जब तक मानव-मानव को ,

चैन कहाँ धरती पर तब तक, शांति कहाँ इस भव को ।

जब तक मनुज -मनुज का यह, सुख भाग नहीं सम होगा ;

शमित न होगा कोलाहल, संघर्ष नहीं कम होगा ।

ब्रह्मा से कुछ लिखा भाग्य में, मनुज नहीं लाया है ,

अपना सुख उसने अपने, भुजबल से ही पाया है ।

(i) प्रस्तुत गद्यांश में किसको संबोधित किया गया है ?

(a)युधिष्ठिर को

(b)श्रीकृष्ण को

(c)इंद्रदेव को

(d)कर्ण को ( )

(ii) मनुष्य ने अपना सुख कैसे प्राप्त किया है?

(a) छीन कर

(b) दान में

(c ) परिश्रम से

(e)हिंसा से ( )

(iii) धरती का पोषक रस पीने का अधिकारी कौन है ?

(a) मानव

(b)जानवर

(c ) पेड़-पौधे

(d ) उपरोक्त सभी ( )

(iv) 'क्रीत' शब्द का अर्थ है-

(a) क्रय किया हुआ

(b) विक्रय किया हुआ

(c ) छीना हुआ

(d ) फेंका हुआ ( )

(v) ‘‘न्यायोचित सुख सुलभ नहीं ‘‘ में अलंकार है-

(a)अनुप्रास

(b) उपमा

(c)उत्प्रेक्षा

(d)उपरोक्त सभी ( )

(vi) प्रस्तुत पद्यांश की भाषा है-

(a) खड़ी बोली हिंदी (b) अवधी (c ) उर्दू (d) ब्रज ( )

प्रश्न 3 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

(i)भाषा के स्थानीय रूप को……………….. कहा जाता है।

(ii)भाषा के शुद्ध प्रयोग का ज्ञान जिससे होता है उसे............. कहते है।

(iii)शब्द की जिस शक्ति के द्वारा सांकेतिक अर्थ का बोध होता है उसे ………………शब्द शक्ति कहते है।

(iv)"हम तो गंगा वासी हैं ।" इस वाक्य में ………………………..शब्द शक्ति निहित है।

(v)"तीन बेर खाती थी वे तीन बेर खाती है" में…………………… अलंकार है ।

(vi)जहाँ उपमेय पर उपमान का आरोपण किया जाए वहाँ …………………..अलंकार होता है ।

प्रश्न 4 निम्नलिखित अति-लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए ।

(i)निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के अर्थ लिखिए ।

(a)Administration (b) Cabinet

(ii)'प्रारूप' शब्द के लिए पारिभाषिक शब्द लिखिए ।

(iii)'क्लाइमेक्स' किसे कहते हैं ?

(iv)'सिल्वर वेडिंग' कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

(v)यशोधर बाबू अपने परिवार से क्या अपेक्षा रखते थे ?

(vi)लेखक 'आनंद यादव' के छात्र जीवन से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

(vii) लेखक 'आनंद यादव' ने 'बसंत पाटिल' से मित्रता क्यों की थी ?

(viii) 'उषा' कविता में प्रातः कालीन आकाश की तुलना किससे की गई है ?

(ix)'आत्मपरिचय' कविता बच्चन जी के किस काव्य संग्रह से ली गई है ?

(x) महादेवी वर्मा की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए ।

(xi)'सिल्वर वेडिंग' कहानी किस द्वंद्व पर आधारित है ?

## खंड (ब)

निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 40 शब्दों में दीजिए ।

(5)जनसंचार माध्यमों के लाभ बताइए ।

(6) मीडिया की भाषा में 'डेस्क' और 'बीट ' किसको कहते हैं ?

(7) फीचर लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

(8) पृथ्वी स्वयं घूमती हुई बालकों के पैरों के पास क्यों चली आती है ? पतंग कविता के आधार पर बताइए ।

(9) कभी-कभी भाषा के चक्कर में सीधी बात भी टेढ़ी हो जाती है। कैसे?

(10) "ऐसे बाजार मानवता के लिए विडंबना है।" लेखक जैनेंद्र कुमार ने ऐसा क्यों कहा है ? स्पष्ट कीजिए ।

(11) "हम अपने घर का पानी इन पर फेंकते हैं वह भी बुवाई है। " जीजी का यह कथन आज के संदर्भ में कितना सही है ?

(12) यशोधर बाबू समय के साथ ढल सकने में असफल रहते हैं । ऐसा क्यों है ?

(13) आनंद यादव को अकेले रहना क्यों अच्छा लगने लगा ? 'जूझ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

## खंड (स)

(14). निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए-

" क्यों कवि कहकर संसार मुझे अपनाएं, मैं दुनिया का हूं एक नया दीवाना !" पंक्ति के संदर्भ में कवि के व्यक्तित्व की विशेषताओं को उजागर कीजिए।

**अथवा**

कवि ने गरीबी के लिए " गरबीली ",अंधकार अमावस्या के लिए "दक्षिणी ध्रुव" ,उजाला के लिए " रमणीय" तथा अंधेरे के लिए " पाताली" विशेषणों का प्रयोग क्या प्रकट करने के लिए किया है ?

(15). "पहलवान की ढोलक" सामाजिक व्यवस्था बदलने के साथ लोक कला और इसके कलाकार के अप्रासंगिक हो जाने की कहानी है । स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

" क्या सब कानून हुकूमत के ही होते हैं ,कुछ मोहब्बत-मुरौवत, आदमियत, इंसानियत के नहीं होते? आखिर कस्टम वाले भी इंसान होते हैं ,कोई मशीन तो नहीं होते। " उक्त कथन के संदर्भ में नमक ले जाने के विषय में सफिया के अन्तर्द्वन्द्व को स्पष्ट कीजिए ।

(16). "आधुनिकता की ओर बढ़ता हमारा समाज एक और विज्ञान से प्राप्त नई उपलब्धियों को समेटे हुए है तो दूसरी ओर जीवन मूल्य पीछे छूटते चले गए हैं। " 'सिल्वर वेडिंग ' कहानी के आधार पर उक्त कथन की पुष्टि कीजिए ।

**अथवा**

“ निम्नवर्गीय ग्रामीण परिवेश का किशोर प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपने सपने पूरे कर लेता है’ इस कथन की समीक्षा ‘जूझ’ आत्मकथात्मक उपन्यास के अंश के आधार पर कीजिए।

(17 ) 'कुंवर नारायण' का कवि परिचय लिखिए ।

**अथवा**

'हजारी प्रसाद द्विवेदी' का लेखक परिचय लिखिए।

## खंड (द)

(18) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-(2+4)

जन्म से ही वह अपने साथ लाते हैं कपास

पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास

जब वे दौड़ते हैं बेसुध छतों को भी नरम बनाते हुए

दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए

जब वे पेंग भरते हुए चले आते हैं

डाल की तरह लचीले वेग से अक्सर

**अथवा**

हम हों या किस्मत हो हमारी दोनों को इक ही काम मिला ।

किस्मत हमको रो लेवे है हम किस्मत को रो ले हैं । ।

जो मुझ को बदनाम करे हैं काश वे इतना सोच सकें ।

मेरा परदा खोले हैं या अपना परदा खोले हैं । ।

( 19). निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-

भक्तिन और मेरे बीच में सेवक स्वामी का संबंध है, यह कहना कठिन है; क्योंकि ऐसा कोई स्वामी नहीं हो सकता, जो इच्छा होने पर भी सेवक को अपनी सेवा से हटा ना सके और ऐसा कोई सेवक भी नहीं सुना गया, जो स्वामी के चले जाने का आदेश पाकर अवज्ञा से हँस दे। भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंगत है, जितना अपने घर में बारी-बारी से आने-जाने वाले अँधेरे -उजाले और आँगन में फूलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना। वे जिस प्रकार एक अस्तित्व रखते हैं, जिसे सार्थकता देने के लिए ही हमें सुख-दुःख देते हैं, उसी प्रकार भक्तिन का स्वतंत्र व्यक्तित्व अपने विकास के परिचय के लिए ही मेरे जीवन को घेरे हुए है ।

**अथवा**

अवधूतों  के मुँह से ही संसार की सबसे सरस रचनाएँ निकली हैं । कबीर बहुत-कुछ इस शिरीष के समान ही थे, मस्त और बेपरवा, पर सरस और मादक। कालिदास भी जरूर अनासक्त योगी रहे होंगे। शिरीष के फूल फक्कड़ाना मस्ती से ही उपज सकते हैं और ‘मेघदूत’ का काव्य उसी प्रकार से अनासक्त-अनाविल, उन्मुक्त हृदय में उमड़ सकता है ।

(20). राजस्थान विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा दीक्षांत समारोह के आयोजन की एक अधिसूचना का प्रारूप तैयार कीजिए ।

**अथवा**

नगर निगम उदयपुर की ओर से एक विज्ञप्ति का प्रारूप तैयार कीजिए, जिसमें नगर निगम  क्षेत्र में घूमने वाले आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की गई हो ।

प्रश्न 21  निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए (शब्द सीमा 300 शब्द )

(i)कोरोना वायरस : 21वीं सदी की महामारी

(ii)मेक इन इंडिया

(iii)वैश्विक महामारी के दौर में ऑनलाइन शिक्षण

(iv) नई शिक्षा नीति 2020

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर

# मॉडल प्रश्न पत्र-दो

# उच्च माध्यमिक परीक्षा 2022 (निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार)

# विषय हिंदी(अनिवार्य)

# कक्षा 12

**समय 2 घंटे 45 मिनट** **पूर्णांक 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :-

1.परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें ।

4. जिन प्रश्नों में आंतरिक खंड हैं उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

## खंड (अ )

**बहुविकल्पी प्रश्न**

प्रश्न 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :-

मानव जीवन का चहुँमुखी विकास ही शिक्षा का उद्देश्य है। मनुष्य के व्यक्तित्व में अनेक प्रकार की शक्तियाँ अंतर्निहित रहती है, शिक्षा इन्हीं शक्तियों का उद्‌घाटन करती है। मानवीय जीवन को पूर्णता प्रदान करने का कार्य शिक्षा द्वारा ही संपन्न होता है। सृष्टि के प्रारंभ से लेकर आज तक मानव ने जो प्रगति की है,उसका सर्वाधिक श्रेय मनुष्य की ज्ञान चेतना को ही दिया जा सकता है। मनुष्य में ज्ञान चेतना का उदय शिक्षा द्वारा ही होता है। बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन पशु तुल्य होता है। शिक्षा ही अज्ञान रूपी अंधकार से मुक्ति दिलाकर ज्ञान का दिव्य आलोक प्रदान करती है। विद्या मनुष्य को अज्ञान के बंधन से मुक्त करती है।

(i) शिक्षा का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(a)अज्ञान देना (b) परीक्षा पास कराना (c ) नौकरी लगाना (d) जीवन का विकास करना

(ii)मानव की प्रगति का श्रेय किसे दिया जा सकता है ?

(a)शिक्षा को (b) भक्ति को (c ) शक्ति को (d) भगवान को

(iii)शिक्षा के द्वारा किसका उदय होता है?

(a)स्नेह का (b) ज्ञान चेतना का (c ) विकारों का (d) घृणा का

(iv)शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन किसके समान है?

(a)भगवान समान (b) पशु समान (c )प्रकृति समान (d) राक्षस समान

(v)'मानवीय' शब्द में प्रत्यय बताइए-

(a)अ (b) इक (c ) वीय (d) ईय

(vi)'उदय' शब्द का विलोम बताइए ।

(a)गुनाह (b) जागना (c ) उठना (d) अस्त

प्रश्न 2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यान-पूर्वक पढ़कर दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :-

मन-मोहिनी प्रकृति की जो गोद में बसा है

सुख स्वर्ग-सा जहाँ है, वह देश कौन-सा है ?

जिसके चरण निरंतर रत्नेश धो रहा है ,

जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन-सा है ?

नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही है,

सींचा हुआ सलोना, वह देश कौन-सा है?

जिसके बड़े रसीले फल, कंद, नाज मेवे ;

सब अंग में सजे हैं, वह देश कौन-सा है?

जिसमें सुगंध वाले, सुंदर प्रसून प्यारे,

दिन-रात हँस रहे हैं, वह देश कौन-सा है ?

मैदान गिरी वनों में, हरियालियाँ लहकती

आनंदमय जहाँ है, वह देश कौन-सा है ?

जिसकी अनंत धन से धरती भरी पड़ी है ,

संसार का शिरोमणि ,वह देश कौन-सा है ?

(i) भारत का मुकुट किसे कहा गया है?

(a) हिमालय (b) सतपुड़ा (c) विंध्याचल (d) अरावली

(ii) प्रस्तुत पद्यांश में किसकी विशेषता बताई गई है ?

(a)भारत भूमि की (b) हिमालय की (c ) समुद्र की (d) प्रकृति की

(iii) भारत माता के चरण कौन धो रहा है ?

(a)हिमालय पर्वत (b) नदियाँ (c) मैदान (d)समुद्र

(iv) भारतवर्ष की नदियाँ किस की धारा बहा रही है ?

(a)दूध की (b ) दही की (c ) सुधा की (d) तेल की

(v) 'प्रसून' शब्द का अर्थ है -

(a)नयन (b) फूल (c) पराग (d) हीरा

(vi) 'रत्नेश' शब्द का पर्यायवाची है -

(a)हीरा (b) चांदी (c ) समुद्र (d) पर्वत

प्रश्न 3 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(i)देवनागरी लिपि का विकास……………………लिपि से हुआ ।

(ii)भाषा के मौखिक रूप को अंकित करने के लिए जो चिह्न बने होते हैं, उन्हें ……………कहते हैं ।

(iii) जहाँ एक ही वर्ण की आवृत्ति होती है वहाँ ……………अलंकार होता है ।

(iv)जब वाक्य में एक शब्द केवल एक बार आए और अलग-अलग सन्दर्भों में उसका अर्थ अलग -अलग हो तब उस वाक्य में……………………अलंकार होता है ।

(v)'यह यमुना पुत्रों का नगर है।' वाक्य में …………………..शब्द शक्ति है ।

(vi)'बड़े हरिश्चंद्र बनते हो।' वाक्य में ………………..शब्द शक्ति है।

प्रश्न 4 निम्नलिखित अति-लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए ।

(i)निम्न पारिभाषिक शब्दों के अर्थ लिखिए-

(a) Script (b) Warrant

(ii)'अनुमोदन' शब्द के लिए पारिभाषिक शब्द लिखिए ।

(iii) अखबार में समाचार किस शैली में लिखे जाते हैं ?

(iv) यशोधर बाबू ने कौन-सी अदा किशन दा से सीखी थी ?

(v)यशोधर बाबू को अपने पर गर्व और प्रसन्नता का बोध कब होता है?

(vi) लेखक आनंद यादव की माँ उदास क्यों थी?

(vii)लेखक को अपनी कक्षा में पहले दिन दीवार से पीठ सटाकर क्यों बैठना पड़ा था?

(viii)'तितलियों की इतनी नाजुक दुनिया' "पतंग" कविता में यह किसके लिए कहा गया है?

(ix)'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में कवि ने किस पर व्यंग किया है?

(x) धर्मवीर भारती जी ने किस पत्रिका का संपादन किया ?

(xi) दत्ता जी राव ने दादा को मुख्य रूप से किस बात पर डाँटा था ?

## खंड ( ब )

निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर सीमा अधिकतम 40 शब्द)

(5)फीचर क्या है? फीचर एवं समाचार में कोई दो अंतर लिखिए ।

(6)उल्टा पिरामिड शैली के अंतर्गत समाचारों को कितने भागों में विभाजित किया जाता है ? नाम लिखिए।

(7)भारत में इंटरनेट पत्रकारिता का प्रारंभ किस प्रकार हुआ? संक्षेप में लिखिए।

(8)"मैं बना-बना कितने जग रोज मिटाता।" से कवि क्या भाव व्यक्त कर रहा है ?

(9) फिराक गोरखपुरी ने प्रेम और सौंदर्य के संसार आलमे-हुस्नी -इश्क़ में किस संतुलन की बात कही है?

(10)'तब मैंने समझ लिया कि इस सेवक का साथ टेढ़ी खीर है। 'महादेवी को किस कारण से ऐसा महसूस हुआ ?

(11)"उसने क्षत्रिय का काम किया है।" यह कथन किसने और किस संदर्भ में कहा?

(12) यशोधर बाबू एक आदर्श व्यक्तित्व है, पर नई पीढ़ी उनके विचारों को अपनाना नहीं चाहती । क्यों ?

(13)"उल्टा अब तो ऐसा लगने लगा है कि जितना अकेला रहूँ उतना अच्छा" कथन के अनुसार आनंद यादव को अकेला रहना कब से अच्छा लगा? स्पष्ट कीजिए ।

## खंड (स)

निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए ।

(14)'कविता के बहाने' शीर्षक कविता में कवि चिड़िया, फूल तथा बच्चे के संदर्भ में 'बाहर-भीतर' शब्दों का प्रयोग करके किन भावों को व्यक्त कर रहा है ?

**अथवा**

'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता करुणा और सहानुभूति के आवरण को हटाकर स्वार्थी व्यक्तियों की संवेदनहीनता को प्रकट करती है। कैसे ?

(15)प्रेमचंद जी की कहानी 'ईदगाह' के हामिद और चूरन वाले भगत जी का बाजार से क्या संबंध बनता है? क्या ये लोग बाजार को सार्थकता देते हैं? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

आज के इस कोलाहल एवं संघर्ष से भरे जीवन में किस प्रकार अविचल रह कर शांतिपूर्ण जीवन जिया जा सकता है? 'शिरीष के फूल' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(16). "जीवन की विपरीत परिस्थितियों में धैर्य, सहनशीलता और हिम्मत रखते हुए लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।" 'जूझ' आत्मकथा अंश के माध्यम से इस कथन की सत्यता सिद्ध कीजिए।

**अथवा**

" नवीन पीढ़ी और नवीन जीवन मूल्य, पुरानी पीढ़ी और प्राचीन जीवन मूल्य, इन दोनों के बीच सदैव तकरार चलती रहती है।" 'सिल्वर वेडिंग' कहानी के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

(17)'मुक्तिबोध' का कवि परिचय दीजिए ।

**अथवा**

फणीश्वर नाथ 'रेणु' का लेखक परिचय दीजिए ।

## खंड (द)

(18)निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-

बात सीधी थी पर एक बार

भाषा के चक्कर में

ज़रा टेढ़ी फँस गई ।

उसे पाने की कोशिश में

भाषा को उल्टा-पलटा

तोड़ा-मरोड़ा

घुमाया-फिराया

कि बात या तो बने या फिर भाषा से बाहर आए

लेकिन इससे भाषा के साथ-साथ

बात और भी पेचीदा होती चली गई ।

**अथवा**

लापता कि वहाँ भी तो तुम्हारा ही सहारा है !!

इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है

या मेरा जो होता-सा लगता है, होता-सा संभव है

सभी वह तुम्हारे ही कारण के कार्यों का घेरा है,

कार्यों का वैभव है ।

अब तक तो जिंदगी में जो कुछ था, जो कुछ हैं

सहर्ष स्वीकारा है,

इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है

वह तुम्हें प्यारा है ।

(19)निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-

हम आज देश के लिए करते क्या है? माँगे हर क्षेत्र में बड़ी-बड़ी हैं पर त्याग का कहीं नाम-निशान नहीं है। अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है। हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बात करते हैं पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे हैं? काले मेघा दल के दल उमड़ते है, पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है, बैल पियासे के पियासे रह जाते हैं? आखिर कब बदलेगी यह स्थिति?

**अथवा**

किंतु, रात में फिर पहलवान की ढोलक की आवाज प्रतिदिन की भाँति सुनाई पड़ी। लोगों की हिम्मत दुगुनी बढ़ गई। संतप्त पिता-माताओं ने कहा-" दोनों पहलवान बेटे मर गए पर पहलवान की हिम्मत तो देखो, डेढ़ हाथ का कलेजा है।" चार-पाँच दिनों के बाद। एक रात को ढोलक की आवाज नहीं सुनाई पड़ी। ढोलक नहीं बोली। पहलवान के कुछ दिलेर, किंतु रुग्ण शिष्यों ने प्रातः काल जाकर देखा- पहलवान की लाश 'चित' पड़ी है। आँसू पोंछते हुए एक ने कहा-"गुरु जी कहा करते थे कि जब मैं मर जाऊं तो चिता पर मुझे चित नहीं, पेट के बल सुलाना। मैं जिंदगी में कभी 'चित' नहीं हुआ। और चिता सुलगाने के समय ढोलक बजा देना।"

(20). सचिव, राजस्थान पाठ्य पुस्तक मंडल की ओर से एक निविदा सूचना का प्रारूप तैयार कीजिए जिसमें फर्नीचर एवं स्टेशनरी क्रय करने का विवरण हो

**अथवा**

राजस्थान डेयरी संस्थान द्वारा दुग्ध संकलन केंद्र हेतु एक विज्ञप्ति का प्रारूप लिखिए ।

प्रश्न 21 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए (शब्द सीमा 300 शब्द )

(i)स्वच्छ भारत: स्वस्थ भारत

(ii)योग : स्वास्थ्य की कुंजी

(iii) शिक्षा का अधिकार अधिनियम

(iv) कटते जंगल : घटता मंगल

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर

# मॉडल प्रश्न पत्र-तीन

# उच्च माध्यमिक परीक्षा 2022 (निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार)

# विषय हिंदी(अनिवार्य)

# कक्षा 12

**समय 2 घंटे 45 मिनट** **पूर्णांक 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :-

1.परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2.सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3.प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें ।

4. जिन प्रश्नों में आंतरिक खंड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

## खंड (अ )

**बहुविकल्पी प्रश्न**

1.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :-

समय वह संपत्ति है जो प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर की ओर से मिली है। जो लोग इस धन को संचित रीती से बरतते हैं, वे शारीरिक सुख तथा आत्मिक आनंद प्राप्त करते है। इसी समय-संपत्ति के सदुपयोग से एक जंगली मनुष्य देवता स्वरूप बन जाता है। इसी के द्वारा मूर्ख विद्वान, निर्धन धनवान और अनुभवी बन सकता है। संतोष, हर्ष, या सुख तब तक मनुष्य को प्राप्त नहीं होता जब तक की वह उचित तरीके से समय का सदुपयोग नहीं करता है । समय निस्संदेह एक रत्न राशि है, जो कोई इसे अपरिमित और अंधाधुंध व्यय करता है वह दिन-दिन अकिंचन, रिक्त-हस्त और दरिद्र होता है। सच तो यह है कि समय का सदुपयोग करना आत्मोन्नति तथा उसे नष्ट करना एक प्रकार की आत्महत्या है।

(i) निर्धन व्यक्ति धनवान कैसे बन सकता है?

(a) समय के सदुपयोग से (b) समय के दुरुपयोग से (c )समय को नष्ट करके (d) समय पर काम पूरा ना करके

(ii) समय का सदुपयोग करने वाले व्यक्ति आसानी से क्या प्राप्त कर सकता है ?

(a) हर्ष (b) संतोष (c ) सुख (d) उपरोक्त सभी

(iii) समय रूपी संपत्ति मनुष्य को किससे मिली है ?

(a) ईश्वर से (b) दान से (c ) भाग्य से (d) ऋषियों से

(iv) समय को अपरिमित रूप से व्यय करने वाले की हालत कैसी होती है ?

(a)अमीरों जैसी (b) गुलामों जैसी (c ) दरिद्र जैसी (d) मालिक जैसी

(v) शारीरिक शब्द में प्रत्यय है -

(a ) शरीर (b) रिक (c ) इक (d) क

(vi) इस गद्यांश का उचित शीर्षक है -

(a) आत्मा उन्नति (b ) समय का सदुपयोग (c ) समय-संपत्ति (d) ईश्वर की देन

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :-

चारु चंद्र की चंचल किरणें खेल रही है, जल थल में ।
स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है, अवनि और अंबर तल में ।
पुलक प्रकट करती है धरती हरित तृणों की नोकों से ।
मानो झूम रहे है, तरु भी मंद पवन के झोंके से ।
पंचवटी की छाया में है ,सुंदर पर्ण कुटीर बना ।
उसके सम्मुख स्वच्छ शिला पर, धीर वीर निर्भीक मना ।
जाग रहा यह कौन धनुर्धर, जबकि भुवन भर सोता है ।
भोगी कुसुमायुध योगी-सा, बना दृष्टिगत होता है ।
किस व्रत में है व्रती वीर यह, निद्रा का यो त्याग किए ।
राजभोग के योग्य विपिन में, बैठा आज विराग लिए ।
बना हुआ है प्रहरी जिसका, उस कुटीर में क्या धन है ।
जिसकी रक्षा में रत इनका तन, मन है ,जीवन है ।
मर्त्यलोक मालिन्य मेटने स्वामी संग जो आई है ।
तीन लोग की लक्ष्मी ने यह, कुटी आज अपनाई है ।

(i)वन कुटीर कहाँ बना हुआ है-

(a) पंचवटी की छाया में (b) पेड़ के ऊपर (c ) जंगल में (d)  नदी किनारे

(ii) कुटीर के सामने शीला पर बैठा कौन जाग रहा है ?

(a)राम   (b) लक्ष्मण   (c ) भरत (d) हनुमान

(iii)  तीन लोक की लक्ष्मी किसके लिए कहा गया है?

(a) लक्ष्मी के लिए (b) सीता  के लिए (c ) पार्वती के लिए (d) उर्मिला के लिए

(iv)  धरती हरित तृणों की नोकों से क्या प्रकट कर रही है ?

(a) प्रसन्नता (b)  दीनता   (c ) दुख   (d) वैराग्य

(v)  "चारु चंद्र की चंचल किरणें"  में कौन सा अलंकार है ?

(a)उपमा

(b)उत्प्रेक्षा

(c) विरोधाभास

(d)अनुप्रास

(vi) विपिन शब्द का अर्थ है -

(a)  पेड़

(b)जंगल

(c)कुटिया

(d) लक्ष्मण

प्रश्न 3  निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

(i)नेपाली ………………..लिपि में लिखी जाती है ।

(ii) व्याकरण के……………. अंग होते है ।

(iii) भाषा के दो प्रकार........... एवं...... ……..है ।

(iv)'बिल्ली भाग रही है।' वाक्य में कौन-सी शब्द शक्ति है ?

(v)कुम्हार बोला, "बेटी! बादल हो रहे हैं। वाक्य में  निहित  शब्द शक्ति बताइए।

(vi)उपमा के ………… अंग होते हैं ?

प्रश्न 4 निम्नलिखित अति-लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए ।

(i)निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के अर्थ लिखिए ।

(a) Tender (b) Salary

(ii) 'खाता' शब्द के लिए पारिभाषिक शब्द लिखिए ।

(iii) 'सिल्वर वेडिंग' कहानी में किस प्रवृत्ति पर व्यंग्य किया गया है ?

(iv) यशोधर बाबू अपने बच्चों के संबंध में प्रायः किशन दा का कौन सा फिकरा दोहराते थे ?

(v) यशोधर बाबू ने अपने जीवन काल में मकान क्यों नहीं बनाया ?

(vi) लेखक आनंद यादव ने अपने पढ़ने की बात माँ के सामने कब छेड़ी ?

(vii) दत्ता जी राव ने दादा को मुख्य रूप से किस बात पर डाँटा था ?

(viii) टीवी में सूचनाओं के कितने चरण होते हैं?

(ix)कविता के बहाने कविता के अनुसार कविता और बच्चों के खेल में क्या समानता है ?

(x) 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि की आत्मा कैसी हो गई है ?

(xi) 'काले मेघा पानी दे' नामक पाठ के लेखक कौन है ?

## खंड (ब)

निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 40 शब्दों में दीजिए ।

(5)'आज की तनावपूर्ण जीवनशैली' पर एक फीचर लिखिए ।

(6) निम्नलिखित जनसंचार माध्यमों से संबंधित किन्हीं दो कि तीन-तीन विशेषताएं लिखिए -

(क) प्रिंट माध्यम (ख) रेडियो ( ग) टेलीविजन (घ ) इंटरनेट

(7)नई पीढ़ी में इंटरनेट के अधिक लोकप्रिय होने के क्या कारण है ?

(8)"मैं और, और जग और, कहाँ का नाता ?" कवि अपने आप को इस संसार से क्यों नहीं जोड़ पाया है ?

(9)'उषा' कविता में भोर का प्राकृतिक सौंदर्य चित्रण किस प्रकार किया गया है ?

(10)'पहलवान की ढोलक' कहानी में निहित संदेश एवं उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए ।

(11)शिरीष वृक्ष को लक्ष्य कर हजारी प्रसाद द्विवेदी ने किस सांस्कृतिक गरिमा की ओर संकेत किया है ?

(12)"वर्तमान काल में मानवीय जीवन मूल्य हाशिए पर धकेले जा रहे है।" 'सिल्वर वेडिंग' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिये।

(13)'जूझ' के लेखक आनंद यादव के चरित्र की किन विषेशताओं ने आपको प्रभावित किया है ? उत्तर दीजिये।

## खंड (स)

निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए ।

(14)कविता 'पतंग' में बिम्बों के द्वारा काव्य सौंदर्य प्रकट किया है। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये।

**अथवा**

'बात सीधी थी पर' कविता में कवि ने किस विषय पर ध्यान आकर्षित किया है ? स्पष्ट कीजिये।

(15)"पुत्र की चाह में परिवार के लोग ही कन्या को जन्म देने वाली माँ के दुश्मन हो जाते हैं।" इस प्रवृत्ति पर भक्तिन पाठ के आधार पर टिप्पणी कीजिए ।

**अथवा**

'पहलवान की ढ़ोलक' पाठ में लेखक ने आँचलिक भाषा को महत्व दिया है। पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिये।

(16)आप कैसे कह सकते है कि यशोधर बाबू किशन दा के मानस-पुत्र है ? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिये।

**अथवा**

आनंद यादव किस प्रकार पाठशाला पहुँचे एवं वहाँ उन्हें किन परेशानियों का सामना करना पड़ा ?'जूझ' पाठ के आधार पर समझाइये।

(17)'हरिवंश राय बच्चन' का कवि परिचय दीजिये।

**अथवा**

'महादेवी वर्मा' का लेखक परिचय दीजिये।

## खंड (द)

(18)निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-

मैं यौवन का उन्माद लिए फिरता हूँ ,

उन्मादों में अवसाद लिए फिरता हूँ ,

जो मुझ को बाहर हँसा, रुलाती भीतर,

मैं, हाय, किसी की याद लिए फिरता हूँ !

कर यत्न मिटे सब, सत्य किसी ने जाना ?

नादान वही है , हाय जहाँ पर दाना !

फिर मूढ़ ना क्या जग, जो इस पर भी सीखें ?

मैं सीख रहा हूँ सीखा ज्ञान भुलाना

**अथवा**

जाने क्या रिश्ता है, जाने क्या नाता है

जितना भी उँड़ेलता हूँ, भर-भर फिर आता है

दिल में क्या झरना है?

मीठे पानी का सोता है

भीतर वह, ऊपर तुम

मुस्काता चाँद ज्यों धरती पर रात-भर

मुझ पर त्यों तुम्हारा ही खिलता हुआ चेहरा है !

(19)निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-

बाजार आमंत्रित करता है कि आप मुझे लूटो और लूटो । सब भूल जाओ ,मुझे देखो ।मेरा रूप और किसके लिए है ? मैं तुम्हारे लिए हूँ । कुछ नहीं चाहते हो, तो भी देखने में क्या हर्ज है। अजी आओ भी। इस आमंत्रण में यह खूबी है कि आग्रह नहीं है। आग्रह तिरस्कार जगाता है। लेकिन ऊँचे बाजार का आमंत्रण मूक होता है और उसी से चाह जगती है । चाह मतलब अभाव । चौक बाजार में खड़े होकर आदमी को लगने लगता है कि उसके अपने पास काफी नहीं है और चाहिए ,और चाहिए मेरे यहां कितना परिमित है और यहां कितना अतुलित है ओह !

**अथवा**

जब उसका सामान कस्टम पर जांच के लिए बाहर निकाला जाने लगा तो उसे एक झिरझिरी सी आई और एकदम से उसने फैसला किया कि मोहब्बत का यह तोहफा चोरी से नहीं जाएगा , नमक कस्टम वालों को दिखाएगी वह । उसने जल्दी से पुड़िया निकाली और हैंड बैग में रख ली,जिसमें उसका पैसों का पर्स और पासपोर्ट आदि थे। जब सामान कस्टम से होकर रेल की तरफ चला तो वह एक कस्टम ऑफिसर की तरफ बढ़ी ।

(20). सचिव, राज्य स्तरीय पाठ्य पुस्तक मंडल की ओर से एक निविदा सूचना का प्रारूप तैयार कीजिये जिसमें फर्नीचर एवं स्टेशनरी क्रय करने का विवरण हो।

**अथवा**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर  की ओर से एक विज्ञप्ति प्रारूप तैयार कीजिये जिसमें बोर्ड परीक्षाओं की तारीख़ परिवर्तित करने की सूचना दी गई हो।

प्रश्न 21 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए (शब्द सीमा 300 शब्द )

(i)स्वास्थ्य रक्षा : आयुष्मान योजना

(ii) शिक्षा का महत्व

(iii) इंटरनेट : सूचना एवं ज्ञान का भंडार

(iv) राजस्थान के किले

## लेखन विकास समूह

1 रीना मंत्री , प्रधानाचार्य, रा.उ.मा.वि. मावली (उदयपुर)

2 लोकेश कुमार पालीवाल, प्राध्यापक (हिंदी), डाइट-नाथद्वारा (राजसमंद )

3 महिपाल सिंह राठौड़,प्राध्यापक(हिंदी), रा.उ.मा.वि. झल्लारा, (उदयपुर)

4 संजय कुमार जैन, प्राध्यापक (हिंदी), रा.उ.मा.वि. दादिया सांगानेर, जयपुर

5 महेंद्र पालीवाल, प्राध्यापक (हिंदी), रा.उ.मा.वि. गोगुन्दा (उदयपुर)

## प्रूफ रीडिंग

1 लोकेश कुमार पालीवाल, प्राध्यापक (हिंदी), डाइट-नाथद्वारा (राजसमंद)

2 महेंद्र पालीवाल, प्राध्यापक (हिंदी), रा.उ.मा.वि. गोगुन्दा (उदयपुर)